हिन्दी दैनिक
# राष्ट्र संवाद
आपका राष्ट्र, आपका संवाद
जमशेदपुर से प्रकाशित
मूल्य : दो रुपए
जमशेदपुर,
शुक्रवार,17 अक्टूबर 2025
नगर संस्करण
वर्ष: 02,अंक:145
RNI No. : JHAHIN - 01092
rashtrasamvad.com

**सुविचार**

अपनों को संकट में डाल कर
कार्य संपन्न करने वालों की
विजय होती है कायरों कि नहीं ।

जवाहर लाल नेहरू

# आंध्र प्रदेश बन रहा आत्मनिर्भर भारत की सफलता का प्रमुख केंद्र : प्रधानमंत्री मोदी

**कुरनूल (आंध्र प्रदेश),एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को कहा कि आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को साकार करने में आंध्र प्रदेश एक प्रमुख केंद्र के रूप में उभर रहा है। चंद्रबाबू नायडू के नेतृत्व में राज्य नई औद्योगिक क्रांति, तकनीकी नवाचार और रक्षा आत्मनिर्भरता की दिशा में तेज़ी से आगे बढ़ रहा है। आंध्र प्रदेश के कुरनूल में आज 13,430 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि पूर्व की कांग्रेस सरकारों ने आंध्र प्रदेश की क्षमताओं को नज़रअंदाज़ कर न केवल राज्य का बल्कि पूरे देश का नुकसान किया। वह राज्य जो भारत के विकास को गति दे सकता था, उसे खुद अपने विकास के लिए संघर्ष करना पड़ा। लेकिन अब एनडीए सरकार के तहत आंध्र प्रदेश की तस्वीर बदल रही है। यह राज्य आत्मनिर्भर भारत की नई ताकत बन रहा है। उन्होंने कहा कि आज 2047 के विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने में आंध्र प्रदेश की भूमिका अहम है। उन्होंने कहा, 2047 के विकसित भारत के संकल्प को 'स्वर्ण आंध्रा' के लक्ष्य से नई ऊर्जा मिल रही है। तकनीक और नवाचार में आंध्र प्रदेश और उसके युवा हमेशा अग्रणी रहे हैं। डबल इंजन की सरकार के तहत हम इस क्षमता को और सशक्त कर रहे हैं।

प्रधानमंत्री ने बताया कि गूगल आंध्र प्रदेश में भारत का पहला आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) हब स्थापित करने जा रहा है। यह निवेश न केवल राज्य बल्कि पूरे भारत के लिए ऐतिहासिक अवसर है। मोदी ने बताया, गूगल का यह एआई हब विशाखापत्तनम को वैश्विक एआई और कनेक्टिविटी केंद्र के रूप में स्थापित करेगा। इसमें शक्तिशाली एआई इन्फ्रास्ट्रक्चर, डेटा सेंटर, ऊर्जा स्रोत और अंतरराष्ट्रीय सबसी केबल नेटवर्क शामिल होंगे, जो भारत के पूर्वी तट से जुड़ेंगे। उन्होंने इसके लिए आंध्र प्रदेश के लोगों और मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू की दूरदर्शिता की सराहना की।

प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत के विकास के लिए आंध्र प्रदेश का विकास आवश्यक है। उन्होंने कहा, आंध्र के विकास के लिए रायलसीमा का विकास भी उतना ही जरूरी है। आज कुरनूल की भूमि पर शुरू हुए प्रोजेक्ट्स रायलसीमा के हर जिले में रोजगार और समृद्धि के नए द्वार खोलेंगे। उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार अर्वकल और कोप्पर्थी को आंध्र प्रदेश की नई औद्योगिक पहचान के रूप में विकसित कर रही है। इन औद्योगिक कॉरिडोरों से निवेश बढ़ेगा और युवाओं के लिए रोजगार के अवसर सृजित होंगे। मोदी ने कहा कि आज दुनिया भारत को 21वीं सदी के नए मैन्युफैक्चरिंग सेंटर के रूप में देख रही है। इस सफलता की नींव आत्मनिर्भर भारत का विजन है और आंध्र प्रदेश इस मिशन का प्रमुख केंद्र बन रहा है। प्रधानमंत्री ने रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की दिशा में उठाए गए कदमों का उल्लेख करते हुए कहा कि निम्मलुरु में एडवांस्ड नाइट विजन प्रोडक्ट्स फैक्टरी का शुभारंभ भारत की रक्षा क्षमताओं को नई ऊंचाई पर ले जाएगा। यहां नाइट विजन उपकरण, मिसाइल सेंसर और ड्रोन गार्ड सिस्टम तैयार किए जाएंगे, जिससे भारत रक्षा उत्पादन और निर्यात दोनों में आत्मनिर्भर बनेगा। प्रधानमंत्री ने इस दौरान 'ऑपरेशन सिंदूर' का विशेष रूप से उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि इस ऑपरेशन के दौरान भारतीय सेना ने पूरी दुनिया को भारत में बने आधुनिक उपकरणों की शक्ति दिखाई। मोदी ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर में हमारे स्वदेशी ड्रोन, नाइट विजन और रक्षा तकनीक ने जो सफलता हासिल की, उस पर हर भारतीय को गर्व होना चाहिए। इससे साबित हुआ कि आत्मनिर्भर भारत की नीति केवल नारा नहीं, बल्कि भारत की वास्तविक ताकत बन चुकी है। उन्होंने आंध्र प्रदेश की सरकार के कुरनूल को भारत का ड्रोन हब बनाने के संकल्प की सराहना की। उन्होंने कहा कि ड्रोन टेक्नोलॉजी भविष्य की औद्योगिक क्रांति की रीढ़ बनने वाली है। प्रधानमंत्री ने कहा, ऑपरेशन सिंदूर में भारतीय ड्रोन की भूमिका ने पूरी दुनिया को अचंभित कर दिया। आने वाले समय में कुरनूल ड्रोन सेक्टर में देश की ताकत बनेगा।





### मोदी ने शिवाजी स्फूर्ति केंद्र में पूजा-अर्चना की

पीएम मोदी श्रीशैलम में श्री शिवाजी स्फूर्ति केंद्र भी पहुंचे। वहां पूजा-अर्चना की। यह एक मेमोरियल कॉम्प्लेक्स है। आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू भी साथ थे। यहां मेडिटेशन हॉल है, जिसके चारों कोनों पर चार मशहूर किलों, प्रतापगढ़, राजगढ़, रायगढ़ और शिवनेरी के मॉडल बने हैं। इसके बीच में छत्रपति शिवाजी महाराज की ध्यान की मुद्रा वाली मूर्ति भी है।

## चिराग की लोजपा-आर के सभी 29 नामों की लिस्ट जारी

### सबसे ज्यादा राजपूत और यादव को टिकट



**बिहार उप ब्यूरो /अशोक कुमार ठाकुर।** चिराग की LJP-R के सभी 29 नामों की लिस्ट जारी, सबसे ज्यादा राजपूत और यादव जाति (5-5 ) उम्मीदवारों को टिकट दिया है।

बिहार विधानसभा चुनाव 2025 को लेकर केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान की लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) ने पूरी कैंडिडेट लिस्ट जारी कर दी है। लोजपा-आर के सभी 29 सीटों पर उम्मीदवारों के नाम घोषित किए गए हैं। चिराग की पार्टी ने फतुहा से रुपा कुमारी, चेनारी से मुरारी प्रसाद गौतम, बोधगया से श्यामदेव पासवान, रजौली से विमल राजवंशी को टिकट मिला है। महुआ से संजय सिंह को प्रत्याशी बनाया गया है।

लोजपा-आर से मिली जानकारी के अनुसार पार्टी ने सबसे ज्यादा राजपूत और यादव जाति के 5-5 उम्मीदवारों को टिकट दिया है। वहीं, पासवान एवं भूमिहार से 4-4, जबकि ब्राह्मण, तेली, पासी, सूढ़ी, रौनियार, कानू, रजवार, धोबी, कुशवाहा, रविदास और मुस्लिम समाज से एक-एक कैंडिडेट उतारा गया है।

### चिराग की लोजपा-आर के उम्मीदवारों की लिस्ट

| क्र. | कैंडिडेट | सीट |
|---|---|---|
| 1 | राजू तिवारी | गोविंदगंज |
| 2 | संजय कुमार सिंह | सिमरी बख्तियारपुर |
| 3 | विष्णु देव पासवान | दरौली |
| 4 | सीमांत मृणाल | गरखा |
| 5 | सुरेंद्र कुमार | साहेबपुर कमाल |
| 6 | संजय कुमार | बखरी |
| 7 | बाबूलाल शौर्य | परबत्ता |
| 8 | मिथुन कुमार | नाथनगर |
| 9 | सुनील कुमार | पालीगंज |
| 10 | हुलास पांडे | ब्रह्मपुर |
| 11 | राजीव रंजन सिंह | डेहरी |
| 12 | संगीता देवी | बलरामपुर |
| 13 | रानी कुमारी | मखदुमपुर |
| 14 | प्रकाश चन्द्र | ओबरा |
| 15 | राजेश कुमार | सुगौली |
| 16 | अमीत कुमार | बेलसण्ड |
| 17 | सीमा सिंह | मढ़ौरा |
| 18 | उदय कुमार सिंह | शेरघाटी |
| 19 | श्यामदेव पासवान | बोधगया |
| 20 | विमल राजवंशी | रजौली |
| 21 | बिनीता मेहता | गोविन्दपुर |
| 22 | बेबी कुमारी | बोचहा |
| 23 | अरुण कुमार | बख्तियारपुर |
| 24 | रूपा कुमारी | फतुहा |
| 25 | कलीमुद्दीन | बहादुरगंज |
| 26 | संजय कुमार सिंह | महुआ |
| 27 | मुरारी प्रसाद गौतम | चेनारी |
| 28 | जीतेन्द्र यादव | मनेर |
| 29 | नितेश कुमार सिंह | कसबा |

## आज घाटशिला में झामुमो एवं भाजपा का शक्ति प्रदर्शन

### मुख्यमंत्री हेमंत आएंगे सोमेश के नामांकन में

**राष्ट्र संवाद संवाददाता ।** घाटशिला विधानसभा क्षेत्र में हो रहें उपचुनाव के दोनों प्रमुख दलों झारखंड मुक्ति मोर्चा एवं भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी क्रमशः सोमेश चंद्र सोरेन एवं बाबूलाल सोरेन शुक्रवार को नामांकन पर्चा भरेंगे । झामुमो की सभा को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन एवं सहयोगी दलों के कुछ प्रमुख नेता सम्बोधित करेंगे द्य दूसरी ओर, भाजपा की नामांकन सभा में प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, कार्यकारी अध्यक्ष आदित्य साहू, पूर्व मुख्यमंत्री चंपई सोरेन समेत कुछ अन्य प्रमुख नेता सम्बोधित करेंगे । दोनों ही दल कल ज्यादा से ज्यादा भीड़ जुटाकर



शक्ति प्रदर्शन करने की पूरी तैयारी कर चुके हैं द्य भाजपा छह हज़ार की भीड़ जुटाने का लक्ष्य बनाकर चल रही है तो झामुमो का टारगेट दस हज़ार से भी ज्यादा लोगों को नामांकन सभा में लाने की तैयारी में लगी है । झामुमो की सभा सर्कस मैदान दाहीगोड़ा में होगी और भाजपा का पंडाल मऊभंडार स्थित फुटबॉल मैदान में बना है ।

### एनडीए उम्मीदवार बाबूलाल सोरेन आज करेंगे नामांकन

**रांची।** आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर एनडीए की तैयारियां तेज हो गई हैं, एनडीए उम्मीदवार बाबूलाल सोरेन 17 अक्टूबर को घाटशिला अनुमंडल कार्यालय में अपना नामांकन दाखिल करेंगे। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष एवं नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी, पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष एवं सांसद आदित्य साहू, मुख्य सचेतक नवीन जायसवाल सहित प्रदेश पदाधिकारी, सांसद, विधायक, जिला एवं प्रदेश स्तर के कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहेंगे। पार्टी नेतृत्व का कहना है कि घाटशिला क्षेत्र में एनडीए एकजुट होकर चुनाव मैदान में उतरेगा एवं भारी बहुमत से जीत दर्ज करेगा।



## दिल्ली में दिवाली के अगले दिन कृत्रिम बारिश की तैयारी

**● सरकार बोली- मौसम विभाग की मंजूरी का इंतजार ; राजधानी में प्रदूषण का लेवल 300 पार**



**नई दिल्ली,एजेंसी।** दिवाली से पहले ही दिल्ली में प्रदूषण बढ़ने लगा है। बुधवार को दिल्ली के 5 सेंटरों आनंद विहार, नॉर्थ कैंपस, मथुरा रोड, द्वारका, वजीरपुर में प्रदूषण का लेवल (एक्यूआई) 300 पार कर गया। तेजी से बढ़ रहे प्रदूषण को लेकर पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने बताया कि दिल्ली में क्लाउड सीडिंग यानी कृत्रिम बारिश को लेकर तैयारी पूरी कर ली गई है। सिरसा ने कहा चुनिंदा इलाकों में दिवाली के एक दिन बाद कृत्रिम बारिश कराई जा सकती है। मौसम विभाग अगले 2-3 दिनों में जब हरी झंडी देगा तो ब्लास्टिंग/स्प्रे के बाद क्लाउड सीडिंग का एक सैंपल लिया जाएगा। हम जल्द बादलों के छाने का इंतजार कर रहे हैं। सिरसा ने बताया कि हम एक प्लेन भेजकर काम शुरू कर सकते हैं। सभी तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। 2 पायलट इसके लिए 4 दिन तक ट्रेनिंग ले चुके हैं। 3 घंटे में इसका असर नजर आ जाएगा।




### राजद-कांग्रेस पर योगी का निशाना

## अब कोई भी बिहार को पुराने लालटेन युग में नहीं ले जा पाएगा : सीएम योगी

**पटना,एजेंसी।** भाजपा के नेता एवं उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बिहार विधानसभा के चुनावी रण में उतर चुके हैं। उन्होंने गुरुवार को दूसरी जनसभा सहरसा में की। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि बिहार को आज जब मेट्रो, रेल कनेक्टिविटी, हाईवे, एक्सप्रेस वे, एयरपोर्ट, वाटरवे के रूप में पहचान मिल रही है तो इस पहचान को फिर से धूमिल करने के लिए राष्ट्रीय जनता दल (राजद)-कांग्रेस ने शिगूफा छोड़ा है कि विकास नहीं, बुर्का चाहिए। इससे यह लोग फर्जी मतदान कराकर गरीबों-दलितों के हकों पर डकैती डाल सकें। चुनाव में यह विकास की बात नहीं कर रहे। उन्होंने कहा कि बिहार अब



पुराने लालटेन युग में नहीं जाएगा, नीतीश जी (मुख्यमंत्री नीतीश कुमार) इसे एलईडी की दूधिया लाइट में लेकर आगे बढ़ चुके हैं।

योगी आदित्यनाथ ने यहां नामांकन रैली में सहरसा विधानसभा क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार आलोक रंजन झा, सोनबरसा से राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) उम्मीदवार रत्नेश सादा, महिषी से गुंजेश्वर शाह व सिमरी बख्तियारपुर से संजय सिंह (लोजपा) को जिताने की अपील की। योगी ने दोनों विपक्षी दलों पर निशाना साधते हुए कहा कि फर्जी वोट डलवाएंगे, लेकिन चेहरा नहीं दिखवाएंगे। तीर्थयात्रा में विदेश जाएंगे, एयरपोर्ट पर चेहरा दिखाएंगे, पासपोर्ट पर फोटो भी दिखाएंगे, लेकिन बिहार में वोटिंग पर कहेंगे कि बुर्का को छेड़ो मत, चेहरा दिखाओ मत, फर्जी वोट डलवाने दो। कांग्रेस व राजद फिर से गरीबों के हकों पर डकैती डालने की साजिश कर रहे हैं। इनकी साजिश को सफल नहीं होने देना है, क्योंकि कांग्रेस व राजद ने बिहार के सामने पहचान का संकट खड़ा किया था।

## बंगाल गैंगरेप- पीड़ित के पिता की सीएम ममता बनर्जी से माफी

कहा- सीएम हमारी मां जैसी, आरोपियों की पहचान परेड कराने की तैयारी

**दुर्गापुर,एजेंसी।** पश्चिम बंगाल के दुर्गापुर में गैंगरेप पीड़ित MBBS छात्रा के पिता ने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी से माफी मांगी है। पीड़ित के पिता ने कहा- ममता बनर्जी मेरे लिए मां जैसी हैं। अगर मैंने कुछ भी गलत कहा है, तो मैं उनसे माफी मांगता हूं। मैं उन्हें कोटि-कोटि प्रणाम करता हूं।

दरअसल, सीएम ममता ने गैंगरेप मामले पर कहा था कि लड़कियों को रात में बार नहीं निकलना चाहिए। इससे नाराज पीड़ित के पिता ने कहा था- ऐसा लग रहा है कि बंगाल में औरंगजेब शासन है। वह (ममता बनर्जी) महिला होकर इतनी गैर-जिम्मेदाराना बात कैसे कह सकती हैं? इधर, दुर्गापुर पुलिस पीड़ित से आरोपियों की पहचान कराने के लिए पहचान परेड (टेस्ट आइडेंटिफिकेशन परेड) की तैयारी



कर रही है। पुलिस कोर्ट से इसकी इजाजत मांगेगी। परमिशन मिली, तो पीड़ित को आरोपियों के सामने लाया जाएगा और वह खुद उनकी पहचान करेगी। MBBS छात्रा से 10 अक्टूबर की रात उसके मेडिकल कॉलेज के पास गैंगरेप हुआ था। इस मामले में उसके दोस्त सहित 6 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पीड़ित के दोस्त ने अब तक नहीं बताया है कि वह उसे छोड़कर क्यों भागा और कॉलेज आने के बाद किसी को घटना की जानकारी क्यों नहीं दी।

### डीसी लाउंज के बिष्टुपुर और साकची प्रतिष्ठानों में हमले का मामला

# दोषियों पर कड़क कार्रवाई हो, बिष्टुपुर थाना प्रभारी की भूमिका की जांच हो:सरयू राय

राष्ट्र संवाद संवाददाता

**प्रतिष्ठान में अमानवीय तरीके से तोड़फोड़ की गई**

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर पश्चिमी के विधायक सरयू राय ने जमशेदपुर के वरीय पुलिस अधीक्षक को पत्र लिख कर साकची एवं बिष्टुपुर में डीसी लाउंज नामक प्रतिष्ठान पर हुए नियोजित तोड़फोड़ के दोषियों पर सख्त कार्रवाई करने की मांग की है। सरयू राय ने इस घटना के आलोक में बिष्टुपुर थाना प्रभारी की भूमिका की जाँच कर विधिसम्मत कारवाई करने को भी कहा है।

सरयू राय ने एसएसपी (वरीय पुलिस अधीक्षक) को लिखे पत्र में कहा कि वह गुरुवार की दोपहर डीसी लाउंज के बिष्टुपुर और साकची स्थित प्रतिष्ठानों में गये थे। उन्होंने वहां तोड़फोड़ का दृश्य देखा। डीसी लाउंज, बिष्टुपुर प्रतिष्ठान में जिस तरह की अमानवीय हरकत एक अत्याचारी समूह द्वारा की गयी है और जिस वीभत्स तरीका से प्रतिष्ठान को नुकसान पहुँचाया गया है, वह कल्पना से परे है। उन्होंने एसएसपी को याद दिलाया कि उन्होंने घटनास्थल से ही उन्हें फोन कर दोषियों के खिलाफ कठोर कारवाई करने का आग्रह किया था।

सरयू राय ने लिखा कि उन्हें आसपास के लोगों ने हमला के दिन की घटना के साथ ही इस क्षेत्र में हर रोज घट रही दंबगई का जैसा वर्णन किया, वह रोंगटे खड़ा करने वाला था। उन्होंने बताया कि इस इलाके में एक दबंग समूह सभी व्यवसायियों को धमकाते रहता है, परेशान करता है, अड्डेबाजी करता है और व्यवसायियों को भयभीत करता है।



यह दबंग समूह चाहता है कि यहाँ के व्यवसायी और निवासी या तो इनके चंगुल में रहे या इलाका छोड़ दें।

पत्र में सरयू राय ने लिखा है कि वह डीसी लाउंज के साकची स्थित प्रतिष्ठान पर भी गये। वहां आसपास के कम से कम सौ की संख्या में नागरिक एवं व्यवसायी एकत्र हो गए और बताया कि किस प्रकार बिष्टुपुर से आकर एक दबंग और आततायी समूह ने उस दिन वहां उधम मचाया। उनके प्रतिरोध में साकची के नागरिक इकट्ठा हो गए, प्रतिरोध किया तो वे वहाँ से भाग खड़ा हुए। इस क्रम में उनकी पांच मोटरसाइकिलें वहीं पर छूट गयीं। नागरिकों ने साकची थाने को इस हमले के बारे में सूचित किया और आग्रह किया कि हमलावरों की मोटरसाइकिलों को साकची थाना अपने कब्जे में लेकर आगे की कारवाई करे।

पत्र में विधायक ने लिखा कि उन्हें स्थानीय लोगों ने बताया कि इस बीच बिष्टुपुर थाना के प्रभारी अपने वाहन से वहां आए। उनके साथ पुलिस बल भी था। उन्होंने वहां एकत्रित लोगों के साथ डांट-डपट की, फटकारा, तितर बितर किया। उनके वाहन से 7-8 व्यक्ति उतरे और खड़ी मोटरसाइकिलों को स्टार्ट कर लेते गए। इसके बाद बिष्टुपुर थाना प्रभारी भी वहां से चले गए। इससे हमलावरों और बिष्टुपुर के थाना प्रभारी के बीच सांठ-गांठ उजागर होती है।

**बड़े सवाल**

**-बिष्टुपुर थाना प्रभारी साकची क्षेत्र में क्या करने गये थे**

**-क्यों उन्होंने 8 मोटरसाइकिलें छुड़वाई, लोगों को हड़काया**

साकची थाना से पूछताछ करने पर पता चला कि बिष्टुपुर थाना प्रभारी ने साकची थाने में आकर इस क्रूर हमला के दोषियों की मोटरसाइकिलें वहाँ से ले जाने के बारे में साकची थाना प्रभारी को सूचित किया था या नहीं, तो जानकारी मिली कि इस संबंध में बिष्टुपुर थाना प्रभारी ने साकची थाना प्रभारी को कोई सूचना नहीं दी थी।

जाहिर है, एक क्रूर अमानवीय हमला के दोषियों की सहायता कर एवं अपने क्षेत्राधिकार का उल्लंघन कर बिष्टुपुर थाना प्रभारी ने एक घृणित अपराधिक कांड में अपनी संलिप्तता का परिचय दिया और एक जिम्मेदार पुलिस पदाधिकारी की कर्तव्यपरायणता पर कलंक लगाया है। स्पष्ट है कि डीसी लाउंज के साकची और बिष्टुपुर में हुए हमला एवं तोड़फोड़ के लिए जितना दोषी हमलावर हैं, उतना ही दोषी बिष्टुपुर थाना प्रभारी भी हैं। सहसा विश्वास नहीं होता है कि एक थाना प्रभारी ने अपने थाना क्षेत्र में तथा पड़ोस के थाना क्षेत्र में उधम मचाने वाले दोषियों के विरूद्ध कारवाई करने के बदले में उनकी पूरी सहायता की है।

सरयू राय ने एसएसपी को लिखे पत्र में आग्रह किया है कि वे दोषी हमलावरों के विरूद्ध शीघ्र कठोर कानूनी कारवाई करें तथा बिष्टुपुर के थाना प्रभारी के आचरण की जांच कर उनके विरूद्ध भी विधिसम्मत कारवाई करें।

## बागबेड़ा पंचायत भवन में चोरी-आगजनी का मामला संदिग्ध, उच्च स्तरीय जांच की मांग, विनोद राम ने उपायुक्त को सौंपा ज्ञापन

राष्ट्र संवाद संवाददाता

**जमशेदपुर** : बागबेड़ा कॉलोनी पंचायत भवन में बीते शुक्रवार, 10 अक्टूबर की रात हुई कथित चोरी एवं आगजनी की घटना ने अब नया मोड़ ले लिया है। बागबेड़ा महानगर विकास समिति के संयोजक विनोद राम ने इस पूरे मामले को संदिग्ध और पूर्व नियोजित साजिश बताया है। उन्होंने उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी और अनुमंडल पदाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर उच्च स्तरीय जांच की मांग की है।

ज्ञापन में कहा गया है कि पंचायत भवन में हुई घटना को चोरी के रूप में प्रस्तुत किया जा रहा है, जबकि वस्तुतः यह गबन या साक्ष्य मिटाने का मामला प्रतीत होता है। समिति का आरोप है कि मुखिया राजकुमार गौड़ और पंचायत सचिव की मिलीभगत से आवश्यक कागजात गायब करवा दिए गए, जिन्हें बाद में जलाकर नष्ट कर दिया गया।



**चोरी नहीं, कागजात नष्ट करने की साजिश**

बागबेड़ा महानगर विकास समिति के संयोजक विनोद राम ने कहा कि अगर यह सचमुच चोरी होती, तो पंचायत भवन में रखे कंप्यूटर सेट, प्रिंटर, वाटर कूलर जैसे कीमती सामान भी चोरी हो जाते। लेकिन ऐसा नहीं हुआ। केवल जरूरी फाइलें और दस्तावेजों के साथ छेड़छाड़ कर उन्हें जलाया गया है। यह स्पष्ट संकेत है कि भ्रष्टाचार के सबूत मिटाने के लिए यह नाटक रचा गया। उन्होंने यह भी कहा कि पंचायत भवन की चाबी मुखिया राजकुमार गौड़ के पास रहती है। ऐसे में ताला तोड़कर चोरी का नाटक रचकर प्रशासन और जनता को गुमराह करने की कोशिश की गई है।

**पूर्व में भी लग चुके हैं घोटाले के आरोप**

बागबेड़ा महानगर समिति के संयोजक विनोद राम ने बताया कि इससे पहले भी कई बार मुखिया और पंचायत सचिव के खिलाफ घोटाला, अनियमितता और भ्रष्टाचार के आरोप लग चुके हैं। कई आवेदन उपायुक्त और संबंधित विभागों को दिए गए, परंतु अब तक किसी पर कार्रवाई नहीं हुई। सूचना के अधिकार के तहत मांगी गई जानकारियां भी अब तक नहीं दी गईं।

**डीसी के आदेश के बाद हुई थी घटना**

ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया है कि उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने 10 अक्टूबर को जनता दरबार में कहा था कि घाटशिला उपचुनाव के बाद वे स्वयं बागबेड़ा जलापूर्ति योजना और अवैध कनेक्शनों की जांच करेंगे। उसी रात पंचायत भवन में यह घटना घटित हुई, जिससे स्पष्ट होता है कि भ्रष्टाचार से जुड़े दस्तावेजों को नष्ट करने के लिए यह आगजनी की गई।

**पंचायत भवन में सुरक्षा व्यवस्था पर उठे सवाल**

बागबेड़ा महानगर समिति के संयोजक विनोद राम ने आरोप लगाया है कि मुखिया के पास हर महीने ?15,000 पंचायत भवन के सौंदर्यीकरण के लिए आते हैं, बावजूद इसके वहां सीसीटीवी कैमरा, गार्ड या लाइट की उचित व्यवस्था नहीं है। भवन को गोदाम बनाकर रखा गया है, जहां निर्माण सामग्री तक जमा है। यह सब इस बात का संकेत है कि मुखिया की भूमिका संदिग्ध है।

**उच्च स्तरीय जांच की मांग**

अंत में बागबेड़ा महानगर विकास समिति के संयोजक विनोद राम ने जिला प्रशासन से मांग की है कि इस पूरे प्रकरण की निष्पक्ष, जिला स्तरीय जांच कराई जाए और जांच के दौरान समिति के सदस्यों को भी सूचित किया जाए ताकि वे सहयोग कर सकें। समिति ने चेतावनी दी है कि यदि प्रशासनिक स्तर पर जांच नहीं हुई, तो वे न्यायालय के माध्यम से जांच की मांग करेंगे ताकि सच्चाई सामने आ सके।

## हजारीबाग पुलिस की बड़ी कामयाबी : चौपारण लूटकांड दो घंटे में सुलझा, तीन अपराधी गिरफ्तार



राष्ट्र संवाद संवाददाता

**हजारीबाग,** 16 अक्टूबर 2025 : हजारीबाग पुलिस ने चौपारण थाना क्षेत्र में हुई लूट की घटना को महज दो घंटे में सुलझा लिया। पुलिस ने तीन अपराधियों को गिरफ्तार कर पिकअप वैन, नकद ?21,300 और मोबाइल फोन बरामद किया।

घटना 15 अक्टूबर को हुई थी, जब वादी रुपेश कुमार अपनी पिकअप वैन में मेडिकल दवाइयाँ लोड कर पटना से रांची जा रहे थे। तभी काले रंग की ब्रेज्जा कार में सवार अपराधियों ने उन्हें रोककर मारपीट की और वैन, नकद एवं मोबाइल फोन लूट लिए।

गिरफ्तार अपराधी : शिवम् कुमार (20, चौपारण), राहुल सिंह (30, इटखोरी, चतरा) और अरविन्द चौरसिया (33, इटखोरी, चतरा)।

बरामद सामान : वादी की पिकअप वैन, नकद राशि, मोबाइल फोन और लूट में प्रयुक्त ब्रेज्जा कार।

छापामारी दल का नेतृत्व अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बरही, अजित कुमार विमल ने किया। पुलिस अधीक्षक हजारीबाग ने दल की त्वरित और प्रभावी कार्रवाई की सराहना की और भविष्य में ऐसे कदम उठाने का निर्देश दिया।

यह कार्रवाई जिले में चोरी-लूट और डकैती जैसे अपराधों पर नकेल कसने के प्रयास में पुलिस की बड़ी सफलता मानी जा रही है।

## झारखंड से अफीम का खेप लेकर बिहार जा रहे थे तस्कर, हंटरगंज पुलिस नें मंसूबों पर फेरा पानी

राष्ट्र संवाद संवाददाता

**चतरा:** जिले में सक्रिय नशे के सौदागरों व तस्करों के विरुद्ध पुलिस का अभियान निरंतर जारी है। एसपी सुमित कुमार अग्रवाल के निर्देश पर विभिन्न थानों की पुलिस लगातार अभियान चलाकर न सिर्फ तस्करों के आर्थिक स्त्रोत पर करारा प्रहार कर रही है, बल्कि उन्हें सलाखों के पीछे धकेलना में कोई कोर-कसर नहीं छोड़ रही। हंटरगंज थाना पुलिस ने इसी अभियान के तहत कार्रवाई करते हुए एक किलो 90 ग्राम अफीम के साथ अंतर्राज्यीय गिरोह के दो तस्करों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। तस्करों की गिरफ्तारी झारखंड-बिहार बॉर्डर पर स्थित गोसाईंडीह इलाके से हुई है। तस्करों के पास से तस्करी में प्रयुक्त विभिन्न कंपनियों का दो मोबाइल फोन और होंडा साइन मोटरसाइकिल भी जप्त किया गया है। सदर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी कार्यालय में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में एसडीपीओ संदीप सुमन ने बताया



कि पुलिस अधीक्षक को गुप्त सूचना प्राप्त हुई थी कि एक मोटरसाइकिल पर दो संदिग्ध व्यक्ति अवैध मादक पदार्थ का खेप लेकर तस्करी के लिये बिहार जा रहे हैं। सूचना के आधार पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, चतरा के नेतृत्व में हंटरगंज थाना प्रभारी प्रभात कुमार के द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए चतरा-गया मुख्य मार्ग एनएच 22 पर स्थित गोसाईंडीह ईलाके में सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान ही होंडा शाइन सवार दो युवकों को संदेह के आधार पर टीम में शामिल सुरक्षाबलों ने रोक कर तलाशी ली। एसडीपीओ नें बताया की तलाशी के क्रम में जिले के लावालौंग थाना क्षेत्र के जेरौन गांव निवासी राजकुमार गंझु के पास से एक किलो 90 ग्राम अवैध अफीम बरामद किया गया। साथ ही उसी गांव के एक अन्य युवक परमेश्वर कुमार के पास से अलग-अलग कंपनियों का दो एंड्राइड मोबाइल फोन भी जप्त किया गया है। इसके बाद दोनों युवकों को हिरासत में लेकर एनडीपीएस एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज करते हुए पुलिस ने पूछताछ के बाद जेल भेज दिया है। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी ने बताया कि गिरोह में शामिल अन्य तस्करों की पहचान को लेकर भी पुलिस निरंतर अभियान चला रही है, जल्द ही सफेद पोश तस्करों को भी गिरफ्तार कर जेल भेज दिया जाएगा।

## मोटरसाइकिल सहित पुल के ऊपर से गिरा युवक, घटना स्थल पर हुई दर्दनाक मौत

राष्ट्र संवाद संवाददाता

**चतरा:** टंडवा थाना क्षेत्र अंतर्गत बुधवार की शाम सराढु नदी के पुल के ऊपर से मोटरसाइकिल सहित नदी में गिर जाने से एक युवक की घटना स्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। गुरुवार को सुबह नदी किनारे घूमने जाने वाले लोगों के द्वारा मोटरसाइकिल सहित युवक को नदी में डूबा देखा गया। जिसके बाद लोगों के द्वारा इसकी सूचना तत्काल सराधु पुलिस पिकेट को दी गई। सूचना मिलते ही घटनास्थल पर दलबल के साथ पहुंचे पिकेट प्रभारी, सौरभ कुमार के द्वारा शव को नदी से बाहर निकाला गया। जिसके बाद नदी में गिरा मृतक व्यक्ति के मोबाइल से सिम को निकाल कर दूसरे मोबाइल में लगाया गया, तब जाकर उसकी पहचान, लातेहार जिला के बालूमाथ थाना क्षेत्र अंतर्गत मुरपा गांव निवासी स्वर्गीय रामस्वरूप पासवान के पुत्र राजू पासवान के रूप में हुई। घटना की



सूचना मिलते ही मृतक के परिजन एवं रिश्तेदार घटनास्थल पर पहुंचे। जिसके बाद मृतक के परिजनों के चीख पुकार से पूरा आसपास का क्षेत्र गमगीन हो गया। आप सभी को बताते चले की सराधु नदी के पुल के ऊपर रेलिंग नहीं होने के कारण पिछले कई बार इस तरह की और भी कई घटनाएं घट चुकी है, जहां कई लोगों ने अपनी जान गवाई है। जबकि जिला प्रशासन के द्वारा विगत दो वर्ष पूर्व ही नदी के पुल में रेलिंग कार्य करने को लेकर टेंडर निकाला जा चुका है, फिर भी अभी तक रेलिंग का कार्य पूरा नहीं हुआ। जिस कारण से आए दिन इस तरह की कई घटनाएं निरंतर घट ही रही है। लगातार हो रही नदी के ऊपर से इस तरह की घटना को लेकर स्थानीय ग्रामीणों में जिला प्रशासन के ऊपर काफी आक्रोश देखा गया। साथ ही लोगों ने टंडवा से बरियातू जाने वाली इस ग्रामीण सड़क पर कोल वाहनों एवं एनटीपीसी से प्लाई ऐश (राख) ढुलाई करने वाले भारी वाहनों के परिचालन को लेकर पुलिस प्रशासन से अभिलंब कार्रवाई करने की मांग कि है। मृतक राजू पासवान अपने पीछे पत्नी सहित दो छोटे-छोटे बच्चे को छोड़ गया है। घटना की पूरी जानकारी देते हुए परिजनों ने बताया कि ढलाई का कार्य करने हेतु राजू पासवान बुधवार को सराधू गांव आया था, इसके बाद वह अपने घर को जा रहा था इसी बीच यह घटना घटित हो गई। मौके पर उपस्थित ग्रामीणों के द्वारा यह अनुमान लगाया जा रहा था कि, विपरीत दिशा से आ रहे वाहनों के लाइट के द्वारा चकमा खाने से यह घटना हुई है।

## गिरिडीह: आदिवासी समाज ने कुड़मी समुदाय को अनुसूची में शामिल करने के विरोध में निकाली जन आक्रोश रैली

राष्ट्र संवाद संवाददाता

**गिरिडीह,** : डुमरी में आदिवासी समाज के लोगों ने कुडमी समुदाय को आदिवासी सूची में शामिल करने की मांग का पुरजोर विरोध करते हुए जन आक्रोश रैली निकाली। रैली में डुमरी और पीरटांड़ प्रखंड के सैकड़ों आदिवासी महिला-पुरुष व वृद्ध पारंपरिक हथियार लेकर शामिल



हुए।

रैली के दौरान आदिवासी नेताओं निशा भगत और सिकंदर हेंब्रम ने कहा कि केंद्र सरकार ने 2024 में इस मांग को खारिज कर दिया है और महतो-मांझी की राजनीतिक लड़ाई में निहत्थे लोग सड़क पर उतर रहे हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से अपील की कि दोनों समुदायों के प्रमुखों को बैठाकर संवैधानिक मार्ग अपनाने की व्यवस्था करें।

निशा भगत ने कहा कि आदिवासी इस देश के मूल नागरिक हैं और उनके अधिकारों की हकमारी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने 1871 में मुगलों और अंग्रेजों के खिलाफ आदिवासियों की लड़ाई का स्मरण करते हुए कहा कि आज कुड़मी समाज आरक्षित सीटों पर सेंधमारी की मांग कर रहा है। रैली सभा में तब्दील होकर मुख्यमंत्री सहित राज्य सरकार पर सीएनटी-एसपीटी एक्ट उल्लंघन और आदिवासी अधिकारों की अनदेखी के आरोप लगाए।

## जामताड़ा: मंत्री डॉ. इरफान अंसारी का भाजपा पर पलटवार, नीतीश को लेकर कहा- पाला बदल सकते हैं

राष्ट्र संवाद संवाददाता

**जामताड़ा,** 16 अक्टूबर 2025 : झारखंड सरकार के स्वास्थ्य मंत्री और जामताड़ा विधायक डॉ. इरफान अंसारी ने भाजपा नेताओं पर तीखा पलटवार किया। उन्होंने कहा कि ह्लभाजपा की आंखों में धतूरा लग गया है, इसीलिए खुजली हो रही है।ह्व डॉ. अंसारी ने स्वास्थ्य व्यवस्था पर भाजपा के आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि राज्य में स्वास्थ्य सेवाएं लगातार बेहतर हो रही हैं।मंत्री ने बिहार की राजनीति पर भी टिप्पणी की और कहा कि ह्लनीतीश कुमार अब रिटायर्ड हो चुके हैं, वे कभी भी पाला बदल सकते हैं।ह्व उन्होंने यह भी दावा किया कि झारखंड जीतने के बाद बिहार में भी उनकी पार्टी की जीत तय है।इसके अलावा डॉ. अंसारी ने राज्य के विकास कार्यों का उल्लेख करते हुए कहा कि पीडीएस डीलरों को 4G मशीनें तीन महीनों के भीतर उपलब्ध कराई जाएंगी

## सार-संक्षेप

### सिमडेगा तुमडेगी चर्च डकैती का उद्भेदन : आठ अपराधी गिरफ्तार, भारी बरामदगी



राष्ट्र संवाद संवाददाता

**सिमडेगा,** 16 अक्टूबर 2025 : मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के तुमडेगी काथलिक चर्च में 30 सितंबर/1 अक्टूबर की रात हुई डकैती का पुलिस ने उद्भेदन कर आठ अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया। घटना में पल्ली पुरोहितों को बंधक बनाकर 3,50,000 रुपये लूटे गए थे। गिरफ्तार अपराधियों की निशानदेही पर डकैती में प्रयुक्त 09 एमएम की पिस्टल, दो जिन्दा कारतूस, तलवार, अपाची मोटरसाइकिल, स्कूटी, पांच मोबाइल फोन और कुल 35,359 रुपये नकद बरामद किया गया। सभी गिरफ्तार अपराधियों को न्यायिक हिरासत में भेजा गया।

छापामारी दल का नेतृत्व अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बैजु उराँव और पुलिस उपाधीक्षक रणबीर सिंह ने किया। दल के सदस्यों को पुलिस अधीक्षक द्वारा 25,000 रुपये का पुरस्कार भी दिया गया।

पुलिस ने बताया कि बरामद अग्नेयास्त्र के संबंध में अलग से प्राथमिकी दर्ज की जा रही है। यह कार्रवाई जिले में अपराध नियंत्रण और त्वरित अनुसंधान की दिशा में एक बड़ी सफलता मानी जा रही है।

### नई दिल्ली में जनसत्ता के प्रभाष जोशी पुस्तक का लोकार्पण, पत्रकारिता में उनके योगदान पर परिचर्चा



राष्ट्र संवाद संवाददाता

**नई दिल्ली,** : इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय कला केन्द्र (आईजीएनसीए) में वरिष्ठ पत्रकार प्रभाष जोशी पर केंद्रित पुस्तक ह्यजनसत्ता के प्रभाष जोशीह्न का लोकार्पण एवं परिचर्चा आयोजित की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता आईजीएनसीए अध्यक्ष रामबहादुर राय ने की।

लोकार्पण समारोह में बताया गया कि प्रभाष जोशी ने हिंदी पत्रकारिता में अपनी अडिग निष्पक्षता, सहयोगियों के प्रति उदारता और लेखनी में निरंतरता के लिए विशेष स्थान बनाया। उन्होंने अंग्रेजी और हिंदी दोनों अखबार निकाले, सफलता के पीछे नहीं, सार्थकता के पीछे चले।

विशिष्ट अतिथि बनवारी जी, सदस्य सचिव डॉ. सच्चिदानंद जोशी और पूर्व मंत्री डॉ. अशोक वाजपेयी ने प्रभाष जी के जीवन, पत्रकारिता और उनके मूल्य आधारित संपादकीय दृष्टिकोण पर प्रकाश डाला। वरिष्ठ पत्रकार और पूर्व संपादक राहुल देव ने भी अपने विचार रखे।

कार्यक्रम में देशभर से वरिष्ठ पत्रकार, विद्वान और छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। चर्चा में यहconsensus बना कि प्रभाष जोशी का योगदान भारतीय पत्रकारिता के सशक्त और विचारशील संपादक के रूप में आज भी प्रासंगिक है।

### दलालों के चंगुल में फंसा सरादु गांव, कई दलालो के आड़ में आम्रपाली के आरोपी अधिकारी रच रहा बच्चों के मौत का साजिश




राष्ट्र संवाद संवाददाता

**चतरा:** टंडवा के सरादु गांव में इन दिनों चंद रुपए के लिए कई दलाल अवैध कार्य कराने के लिए दूसरों को जमीन सहित सरकारी भवन भूमि अपना भूमि बता कर गांव के लोगों और बच्चों के जीवन के मौत के साथ खिलवाड़ करने में सक्रिय है। सरादु पिकेट स्थित आंगनबाड़ी केंद्र के समीक्ष जानलेवा हाई टेंशन तार लोहे का पोल खिंचवाने के लिए पहुंचा था। जिसके भनक लगते आंगनबाड़ी केंद्र प्रबंधन औ? बच्चों के माँ पहुंचकर दलालो को भगाया। मामले को लेकर बच्चों के अभिभावक प्रखंड प्रशासन को सूचना देखकर तत्काल कार्रवाई की मांग किया है। बताया गया आम्रपाली के एक अधिकारी जो कई संगीन धाराओं में आरोपी है। इसी अधिकारी के सह पर गांव के दलालो द्वारा नदी नाला तालाब आंगनबाड़ी केंद्र सरकारी बताकर गांव के जिंदगी के साथ खिलवाड़ का साजिश रच रहा है। पीड़िता महेश सिंह संतोष महतो ने बताया गया इस अवैध कार्य के विरुद्ध गांव के ग्रामीण हाईकोर्ट ने मामला दर्ज कराया है। पीड़िता ने बताया मामले में हाई कोर्ट संबंधित विभाग को नोटिस जारी किया है। हाई कोर्ट के नोटिस जारी होने के बाद भी आरोपी अधिकारी परियोजना के अधिकृत क्षेत्र से बाहर कानून को ठेंगा दिखाते हुए धन बल का प्रयोग करके दलालो को सक्रिय किया है।

आवश्यकता है

राष्ट्र संवाद मासिक, वेब पोर्टल, साप्ताहिक और दैनिक अखबार के लिए झारखंड-बिहार में हर जिले के लिए पत्रकार की जरूरत है। इसके अलावा पत्रकारिता का शौक रखने वाले चाहे वह अन्य किसी भी राज्य से हो, संपर्क या ईमेल कर सकते हैं।




:: संपर्क ::
9431977839
9102339999

ईमेल : rashtrasamvadgroud@gmail.com

# स्वदेशी के प्रयोग से देश की अर्थव्यवस्था होगी सशक्तः बाबूलाल मरांडी

## पूर्वी विधानसभा में भाजपा के आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान में गूंजा स्वदेशी का संकल्प, प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी हुए शामिल, सांसद विद्युत महतो, विधायक पूर्णिमा साहू भी रहे मौजूद

राष्ट्र संवाद संवाददाता






**जमशेदपुर।** आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान के तहत गुरुवार को जमशेदपुर महानगर अंतर्गत पूर्वी विधानसभा में भाजपा जमशेदपुर महानगर के द्वारा विस स्तरीय सम्मेलन का आयोजन किया गया। बमामाईंस स्थित देवस्थान सभागार में जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष सुधांशु ओझा की अध्यक्षता में आयोजित सम्मेलन में झारखंड भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सह पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी मुख्यरूप से शामिल हुए। इस दौरान जमशेदपुर के सांसद विद्युत वरण महतो, जमशेदपुर पूर्वी की विधायक पूर्णिमा साहू, प्रदेश मंत्री नंदजी प्रसाद समेत कई अन्य वरिष्ठ नेतागण मौजूद रहे। इससे पहले, उपस्थित नेताओं के द्वारा पार्टी के पितृपुरुषों के छविचित्र के सम्मुख द्वीप प्रज्वलित एवं पुष्प अर्पित कर सम्मेलन का विधिवत शुभारंभ किया गया। सम्मेलन में उपस्थित कार्यकताओं ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत और आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को सफल बनाने का प्रण लिया।

इस अवसर पर सम्मेलन को संबोधित करते हुए झारखंड भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि वर्तमान समय में वैश्विक राजनीति इस बात पर केंद्रित है कि किस देश की वस्तुएं विश्व बाजार पर हावी हों। इसी कारण विश्व के कई देश भारत को नीचा दिखाने और उसके नेतृत्व को कमजोर करने की कोशिश करते हैं। ऐसे समय में हमें देशवासियों को जागरूक कर स्वदेशी के महत्व को समझाना होगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पिछले 11 वर्षों में भारत ने जिस गति से आत्मनिर्भरता की दिशा में कार्य किया है, वह अद्भुत है। वर्ष 2014 से पहले देश में केवल दो मोबाइल निर्माण इकाइयाँ थीं, जबकि आज 300 से अधिक हैं। भारत अब 98% मोबाइल देश में ही बना रहा है और 2 लाख करोड़ रुपये से अधिक का निर्यात कर रहा है।

बाबूलाल मरांडी ने लोगों से अपील की कि केवल त्यौहार के समय ही नहीं बल्कि अपने दैनिक जीवन में प्रतिदिन स्वदेशी और स्थानीय उत्पाद का प्रयोग करें। अगर हम दीपावली एवं अन्य त्यौहारों में विदेशी वस्तुओं के बजाय स्वदेशी झालर, दीये और मूर्तियाँ खरीदें, तो यह भी देशभक्ति का एक बड़ा प्रतीक होगा।

### वोकल फॉर लोकल और स्थानीय उत्पाद को दें बढ़ावाः विद्युत महतो

सम्मेलन में जमशेदपुर के सांसद विद्युत वरण महतो ने आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'विकसित भारत 2047' के सपने को साकार करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया। आज देश की आर्थिक संरचना, औद्योगिक क्षमता और निर्यात- शक्ति तीनों में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई है। 2014 से पहले जो भारत विदेशी उत्पादों पर निर्भर था, आज वही भारत अनेक क्षेत्रों में उत्पादक और निर्यातक देश के रूप में मजबूती से उभर रहा है। कहा कि देशभर में युवाओं को नवाचार, स्टार्टअप्स और डिजिटल मंच के जरिए आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इसके साथ ही, उन्होंने 'वोकल फॉर लोकल' को अपनाने और स्थानीय उत्पादों व सेवाओं का अधिक से अधिक उपयोग करने का आह्वान किया। सांसद श्री महतो ने जीएसटी दरों में की गई कमी को आम जनता और व्यापारियों के लिए केंद्र सरकार का एक बड़ा तोहफा बताया। कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व और नीतिगत सुधारों का ही परिणाम है कि भारत विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है।

### स्वदेशी अपनाना ही सशक्त भारत की राहः पूर्णिमा साहू

जमशेदपुर पूर्वी की विधायक पूर्णिमा साहू ने लोगों से स्वदेशी अपनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि अब समय आ गया है कि हम सब ह्यमेड इन इंडियाह्व उत्पादों के उपयोग को अपनी आदत बनाएं। भारत आज सुई से लेकर अत्याधुनिक जहाज बनाने की क्षमता रखता है। विधायक पूर्णिमा साहू ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश तेजी से आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर है। हमें लोकल उत्पादों को अपनाने के साथ उन्हें ग्लोबल पहचान दिलाने का संकल्प भी लेना होगा। उन्होंने कहा कि हर नागरिक यदि खुद से शुरूआत करे तो भारत को तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने का लक्ष्य भी शीघ्र ही पूरा होगा।

इस दौरान स्वागत संबोधन जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष सुधांशु ओझा, मंच संचालन जिला महामंत्री संजीव सिंह, स्वदेशी शपथ पत्र का वाचन जिला उपाध्यक्ष बबुआ सिंह एवं धन्यवाद ज्ञापन जिला महामंत्री अनिल मोदी ने किया।

सम्मेलन में प्रदेश मंत्री नंदजी प्रसाद, भाजपा जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष सुधांशु ओझा, पूर्व जिलाध्यक्ष रामबाबू तिवारी, चंद्रशेखर मिश्रा, दिनेश कुमार, गुंजन यादव, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य मिथिलेश सिंह यादव, राजन सिंह, अनिल सिंह, कल्याणी शरण, खेमलाल चौधरी, जिला पदाधिकारी बबुआ सिंह, अनिल मोदी, संजीव सिंह, सांसद प्रतिनिधि संजीव कुमार, मिली दास, शांति देवी, कृष्णा शर्मा काली, प्रेम झा, ज्ञान प्रकाश, बिनोद सिंह, अमित सिंह, उज्ज्वल सिंह, किशोर ओझा, नीलू मछुआ समेत मंडलाध्यक्ष सूरज सिंह, पप्पू उपाध्याय, विकास शर्मा, बबलू गोप, युवराज सिंह, जीवन साहू, प्रोबीर चटर्जी राणा, दीपक झा, श्रीराम प्रसाद, संतोष ठाकुर, मुकेश राय, शैलेश गुप्ता, सतवीर सिंह सोमू, अशोक सामंत, अरुण मिश्रा, रूबी झा, लक्ष्मण बेहरा, रीना चौधरी, शैलेश गुप्ता, रॉकी सिंह, काजू शांडिल, दीपक मुखर्जी व अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# इनोवेशन और रिस्क लेने की मानसिकता ही कंसल्टिंग सेक्टर को आगे बढ़ा रही है : मनीष गुप्ता

राष्ट्र संवाद संवाददाता

### एक्सएलआरआइ जमशेदपुर में फुलक्रम 5.0 में नवाचार, एआई और प्रतिभा पर मंथन



**जमशेदपुर** : एक्सएलआरआइ जमशेदपुर में आयोजित दो दिवसीय कार्यक्रम ह्यफुलक्रम 5.0ह्व का समापन गुरुवार को हुआ। इस वर्ष की थीम थी – ह्लकंसल्टिंग की नई परिकल्पनाः नवाचार, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और प्रतिभा।ह्व

कार्यक्रम के दौरान तीन सत्र हुए। पहले सत्र ह्लस्टार्ट-अप थिंकिंग इन बिग फर्म्सह्व में वक्ताओं ने कहा कि इनोवेशन और रिस्क लेने की मानसिकता ही कंसल्टिंग सेक्टर को आगे बढ़ा रही है।

दूसरे सत्र ह्लकंसल्टिंग रीइमैजिन्डः एडेप्टिंग टू द जनरेटिव एआई एराह्व में विशेषज्ञों ने बताया कि अब उद्योग जनरेटिव एआई युग में प्रवेश कर चुका है, जहाँ मानव बुद्धि और कृत्रिम बुद्धिमत्ता का सहयोग ही भविष्य तय करेगा।

तीसरे सत्र ह्लटैलेंट एडवांटेज इन कंसल्टिंगह्व में वक्ताओं ने कहा कि आने वाले समय में सफलता उन्हीं की होगी जो मल्टी-स्किल्ड, अनुकूलनशील और मानवीय मूल्यों से जुड़े रहेंगे।

इस आयोजन का संचालन कौटिल्य कंसल्टिंग क्लब, पीजीडीएम (जीएम) बैच द्वारा किया गया।फुलक्रम 5.0 ने उद्योग और शिक्षा जगत के विशेषज्ञों को एक मंच पर लाकर नवाचार, सीखने और साझेदारी की भावना को सशक्त किया।

# हेमंत सरकार की नीति-नीयत में फर्क, पिछड़ा समाज से किया विश्वासघात : आदित्य साहू

राष्ट्र संवाद संवाददाता




**जमशेदपुर :** झारखंड भाजपा के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद आदित्य साहू ने गुरुवार को साकची स्थित होटल दयाल इंटरनेशनल में आयोजित प्रेस वार्ता में कहा कि झामुमो-कांग्रेस-राजद की ठगबंधन सरकार ने पिछड़ा समाज से वादा तोड़कर विश्वासघात किया है। चुनाव के दौरान 27% आरक्षण देने का वादा किया गया, लेकिन नगर निकाय चुनाव में सरकार ने सिर्फ 14% आरक्षण देकर अपनी नीयत स्पष्ट कर दी। उन्होंने कहा कि यह सरकार केवल वोट लेने के लिए वादे करती है, निभाने की नीयत नहीं रखती।

उन्होंने कहा कि न्यायालय के आदेश के बाद ही सरकार ने ट्रिपल टेस्ट की प्रक्रिया पूरी की, अन्यथा पंचायत चुनाव बिना आरक्षण के करा दिए गए थे। भाजपा सरकार ने हमेशा पिछड़ा वर्ग को सम्मान और अधिकार दिलाने का कार्य किया है।

इस मौके पर जमशेदपुर के सांसद विद्युत वरुण महतो ने कहा कि हेमंत सोरेन सरकार ने हर वर्ग के साथ धोखा किया है। पिछड़े, आदिवासी, दलित, युवा और किसान–कोई भी इस सरकार से खुश नहीं है। उन्होंने कहा, ह्लजनता अब सब कुछ समझ चुकी है और आने वाले चुनाव में ठगबंधन सरकार को करारा जवाब देगी। भाजपा ही ऐसी पार्टी है जो सबको न्याय और सम्मान देने में विश्वास रखती है।ह्व

प्रेस वार्ता में हटिया के विधायक नवीन जायसवाल, भाजपा महानगर अध्यक्ष सुधांशु ओझा और जिला मीडिया प्रभारी प्रेम झा सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

# जमशेदपुर जुगसलाई में हुई फायरिंग का मास्टरमाइंड पुलिस के हत्थे, एक देशी पिस्टल बरामद – वर्चस्व की लड़ाई में चली थी गोली

राष्ट्र संवाद संवाददाता



**जमशेदपुर।** जुगसलाई थाना क्षेत्र के मिलतनगर में 12 अक्टूबर को हुई मारपीट और फायरिंग की घटना का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। इस मामले में पुलिस ने मुख्य आरोपी मो. अरमान उर्फ राज को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी के पास से एक देशी पिस्टल भी बरामद की गई है। पुलिस ने आरोपी को पूछताछ के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

12 अक्टूबर की रात जुगसलाई थाना अंतर्गत मिलतनगर इलाके में दो गुटों के बीच वर्चस्व की लड़ाई को लेकर विवाद हुआ था। विवाद इतना बढ़ गया कि एक पक्ष ने गोली चला दी। घटना के दौरान इलाके में अफरा-तफरी मच गई थी। लोगों ने इसकी सूचना तत्काल जुगसलाई पुलिस को दी।

पुलिस ने मौके पर पहुंचकर छानबीन की तो घटनास्थल से 4 खोखा (कारतूस के खाली खोल) बरामद हुए। इससे साफ हुआ कि घटना में हथियारों का इस्तेमाल हुआ था।

घटना के बाद जुगसलाई थाना प्रभारी के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित की गई, जिसमें तकनीकी सेल और खुफिया विभाग को भी शामिल किया गया। टीम ने घटनास्थल के आसपास के उउळश फुटेज, मोबाइल लोकेशन और स्थानीय सूत्रों से मिली जानकारी के आधार पर जांच को आगे बढ़ाया।

इसी क्रम में पुलिस को सूचना मिली कि मुख्य आरोपी मो. अरमान उर्फ राज खड़काई ब्रिज के पास घूम रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए इलाके में घेराबंदी की और आरोपी को पकड़ लिया।

तलाशी के दौरान आरोपी के पास से एक लोडेड देशी पिस्टल बरामद हुई। पूछताछ में उसने स्वीकार किया कि 12 अक्टूबर की फायरिंग की घटना में वही मास्टरमाइंड था। उसने बताया कि यह फायरिंग इलाके में अपना वर्चस्व स्थापित करने के लिए की गई थी।घटना के बाद लगातार जांच जारी थी। हमें गुप्त सूचना मिली थी कि आरोपी खड़काई ब्रिज के आसपास छिपा हुआ है। टीम ने मौके पर पहुंचकर उसे गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से एक देशी पिस्टल बरामद हुई है। आरोपी से पूछताछ जारी है और इसमें शामिल अन्य लोगों की भी पहचान की जा रही है।

# निर्वाचन पदाधिकारी कर्ण सत्यार्थी बोले - प्रशिक्षण है चुनाव की आत्मा, लापरवाही के लिए कोई स्थान नहीं

राष्ट्र संवाद संवाददाता



**जमशेदपुर** : समाहरणालय सभागार में जिला निर्वाचन पदाधिकारी कर्ण सत्यार्थी की अध्यक्षता में सभी कोषांगों के नोडल और प्रभारी पदाधिकारियों की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। उन्होंने कहा कि निर्वाचन कार्य का सफल संचालन प्रशिक्षण पर निर्भर है, इसलिए मतदान कर्मियों का प्रशिक्षण सर्वोच्च प्राथमिकता से कराया जाए।

बैठक में मतदान सामग्री की तैयारी, सुरक्षित पैकिंग और वितरण, पोस्टल बैलेट की पारदर्शिता, और PwD मतदाताओं के लिए व्हीलचेयर व परिवहन व्यवस्था की समीक्षा की गई।

निर्वाचन पदाधिकारी ने निर्देश दिया कि सभी मतदान सामग्री अग्रिम रूप से तैयार रखी जाए और कार्य समयबद्ध ढंग से पूरा हो।

उन्होंने विद्युत विभाग को सभी मतदान केंद्रों पर निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने और QRT टीमों को हर समय सतर्क रहने का निर्देश दिया।

श्री सत्यार्थी ने कहा कि निर्वाचन कार्य प्रशासनिक दायित्व ही नहीं, लोकतंत्र के प्रति उत्तरदायित्व भी है, जिसे निष्ठा और पारदर्शिता के साथ निभाया जाना चाहिए।

# घाटशिला उपचुनावः चुनावी व्यय में पारदर्शिता पर जोर, प्रत्याशियों को निर्देश

राष्ट्र संवाद संवाददाता



**जमशेदपुरः** 45-घाटशिला (अ.ज.जा.) विधानसभा उपचुनाव को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी कर्ण सत्यार्थी की अध्यक्षता में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में चुनावी व्यय के लेखा-संधारण और पारदर्शिता पर विस्तृत चर्चा हुई।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि प्रत्याशियों के लिए अधिकतम व्यय सीमा ?40 लाख निर्धारित है। प्रत्येक खर्च का सटीक लेखा-जोखा शैडो रजिस्टर में दर्ज किया जाएगा और नियमित रूप से मिलान किया जाएगा।

उन्होंने सभी प्रत्याशियों को निर्देश दिया कि प्रतिदिन का खर्च अलग-अलग रजिस्टर में दर्ज करें और प्रविष्टियां समय पर अद्यतन रखें।

उन्होंने कहा कि व्यय प्रेक्षक और निगरानी दल सभी चुनावी खर्चों की बारीकी से निगरानी कर रहे हैं। बैठक में पारदर्शिता, सटीकता और समयबद्ध रिपोर्टिंग पर विशेष बल दिया गया।

# पंथिक मयार्दानुसार नगर कीर्तन निकाले सीजीपीसी : कुलबिंदर

राष्ट्र संवाद संवाददाता

### गुरमुख सिंह के कार्यकाल में बिष्टुपुर से निकला नगर कीर्तन बना था बेंचमार्क



**जमशेदपुर।** कौमी सिख मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अधिवक्ता कुलबिंदर सिंह ने 5 नवंबर को गुरु नानक जयंती पर आयोजित नगर कीर्तन को पंथिक मयार्दा के अनुसार निकालने का आग्रह सीजीपीसी से किया है। उन्होंने कहा कि 2018 में सरदार गुरमुख सिंह के कार्यकाल में बिष्टुपुर रामदास भट्ठा गुरुद्वारा से निकला नगर कीर्तन अनुशासन और मयार्दा का प्रतीक था, जिसमें गुरु ग्रंथ साहिब जी की सवारी के आगे कोई नहीं चलता था और आयोजन बिना किसी बाहरी हस्तक्षेप के संपन्न हुआ था।

कुलबिंदर सिंह ने कहा कि अब जबकि जनवरी में नए प्रधान का चुनाव होना है और शहर में गुटबाजी की घटनाएं बढ़ी हैं, ऐसे में सीजीपीसी को धर्म प्रचार अकाली दल को नगर कीर्तन की जिम्मेदारी सौंपनी चाहिए, ताकि पंथिक एकता और मयार्दा बनी रहे। उन्होंने चेताया कि ऐसा नहीं हुआ तो यह संदेश जाएगा कि नेतृत्व को गुरमत परंपरा से अधिक सत्ता और रसूख की चिंता है।

## सार-संक्षेप

### इनर व्हील क्लब अस्मिता ने बच्चों के बीच वितरित किया पठन-पाठन एवं खेल-कूद का सामान

राष्ट्र संवाद संवाददाता



**जमशेदपुर,** 16 अक्टूबरः इनर व्हील क्लब अस्मिता द्वारा आज वेल्डिंग ग्राम स्थित प्राइमरी स्कूल के बच्चों के बीच पठन-पाठन एवं खेल-कूद का सामान वितरित किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों में शिक्षा के प्रति रुचि बढ़ाना और खेल के माध्यम से उनके सर्वांगीण विकास को प्रोत्साहित करना था।

इस अवसर पर क्लब की अध्यक्ष श्रीमती रीपा दत्ता, सचिव श्रीमती सुनीता सेठ, आइ.एस.ओ. श्रीमती पुष्पा सिंह और क्लब एडिटर श्रीमती अंजुला सिंह उपस्थित रहीं। क्लब सदस्यों ने बच्चों के साथ समय बिताया और उन्हें शिक्षा व अनुशासन के महत्व के बारे में प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान बच्चों में उत्साह देखने लायक था। क्लब की ओर से कहा गया कि ह्लहमारा लक्ष्य समाज के हर उस वर्ग तक पहुँच बनाना है जहाँ शिक्षा और प्रोत्साहन की आवश्यकता है। छोटे-छोटे प्रयास ही बड़े बदलाव की नींव रखते हैं।ह्व

इनर व्हील क्लब ऑफ जमशेदपुर अस्मिता समय-समय पर सामाजिक सरोकार से जुड़े कार्यों के माध्यम से समाज में सकारात्मक योगदान देती रही है।

### घाटशिला उपचुनाव : गठबंधन प्रत्याशी सोमेश सोरेन के नामांकन कार्यक्रम में शामिल होंगे कांग्रेसी



राष्ट्र संवाद संवाददाता

**जमशेदपुर,** 16 अक्टूबर 2025 : पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस कमिटी ने सूचना जारी कर बताया है कि घाटशिला विधानसभा उपचुनाव में गठबंधन दल के उम्मीदवार श्री सोमेश सोरेन के नामांकन कार्यक्रम में सभी कांग्रेसजन शामिल होंगे।

जिला अध्यक्ष परविंदर सिंह ने पार्टी के सभी वरिष्ठ नेताओं, पदाधिकारियों और कार्यकताओं से कार्यक्रम में उपस्थिति दर्ज कराने का आग्रह किया है।

कार्यक्रम 17 अक्टूबर 2025 को सुबह 10:00 बजे आयोजित होगा। सभी कांग्रेसजन साकची आम बगान मैदान में एकत्र होकर घाटशिला के दाहीगोडा सर्कस मैदान में आयोजित सभा में शामिल होंगे।

सभा में प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश, प्रदेश के वरिष्ठ नेता एवं मंत्रीगण भी उपस्थित रहेंगे और सभा को संबोधित करेंगे।

इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी सोमेन सोरेन नामांकन से पूर्व घाटशिला फुल डूंगरी स्थित एक होटल में इंडिया गठबंधन प्रत्याशी सोमेन सोरेन गठबंधन के सभी सहयोगियों के साथ बैठक कर नामांकन के दौरान एकजूटता की रणनीति तैयार करने में व्यस्त रहे

### ऑल इंडिया किसान खेत मजदूर संगठन ने राष्ट्रपति को भेजा ज्ञापन, कृषि भूमि की बिक्री पर जताई आपत्ति




राष्ट्र संवाद संवाददाता

**जमशेदपुर।**ऑल इंडिया किसान खेत मजदूर संगठन की ओर से आज उपायुक्त के माध्यम से राष्ट्रपति को एक ज्ञापन सौंपा गया। संगठन की मुख्य मांग है कि देशभर में कृषि योग्य भूमि को कम दामों पर पूंजीपतियों को दिए जाने की प्रक्रिया पर तत्काल रोक लगाई जाए।

संगठन के सदस्यों ने कहा कि सरकार की नीतियों के कारण किसानों की जमीन धीरे-धीरे उद्योगपतियों के हाथों जा रही है, जिससे किसानों के सामने जीविका का संकट खड़ा हो गया है। भूमि छिन जाने का भय किसानों में गहराता जा रहा है और इसी तनाव के कारण कई किसान आत्महत्या जैसे कदम उठाने पर मजबूर हो रहे हैं।

संगठन ने राष्ट्रपति से आग्रह किया है कि इस गंभीर मुद्दे पर तुरंत संज्ञान लेकर किसानों की जमीन की सुरक्षा के लिए ठोस कदम उठाए जाएं।

### घाटशिला उपचुनाव : झारखंड मुक्ति मोर्चा ने जारी की 40 स्टार प्रचारकों की सूची, हेमंत-कल्पना-बसंत सोरेन शामिल



राष्ट्र संवाद संवाददाता

झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) ने घाटशिला उपचुनाव के लिए 40 स्टार प्रचारकों की सूची जारी की है। इस सूची में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, पार्टी महासचिव कल्पना सोरेन, बसंत सोरेन समेत कई वरिष्ठ नेता शामिल हैं।

सूची में पोटका विधायक संजिव सरदार, प्रो. स्टीफन मरांडी, सरफराज अहमद, बैद्यनाथ राम, मथुरा प्रसाद महतो, सविता महतो, विनोद कुमार पाण्डेय, फागु बेसरा, दीपक बिरुवा, सुप्रयो भट्टाचार्य, मिथिलेश ठाकुर, जोबा माझी, हेमलाल मुर्मू, विजय हांसदा, डॉ. महुआ माजी सहित कुल 40 नाम शामिल किए गए हैं।

झामुमो का उद्देश्य इन स्टार प्रचारकों के माध्यम से पार्टी उम्मीदवार सोमेश सोरेन की जीत सुनिश्चित करना है। पार्टी ने स्टार प्रचारकों को कार्यकताओं को सक्रिय करने और जनता से सीधे संवाद के लिए जिम्मेदार बनाया है।




## संपादक की कलम से

# कौन मारेगा बाजी, कौन रहेगा फिसड्डी ?

देवानंद सिंह




बिहार में विधानसभा चुनाव की तारीख की घोषणा के साथ ही राजनीतिक दल फेंटा कसना शुरू कर दिए हैं। इनके रणनीतिकार जमीनी हकीकत के आधार पर विधानसभा वार प्रत्याशियों के चयन प्रक्रिया को अंतिम रूप देने में जुट गए हैं । वहीं इन दलों में उथल-पुथल भी दिखना शुरू हो गया है। मसलन , जिसका टिकट कट रहा है वह अपने दल-बल के साथ दूसरी पार्टी की तरफ रुख कर रहा है। कमोबेश हर राजनीतिक दल में इस तरह का नजारा देखने को मिल रहा है।

जहां तक बिहार का सवाल है, यहां इस बार 20 साल से बिहार के मुख्य मंत्री नीतीश कुमार, युवा राजद नेता तेजस्वी यादव और पढ़ें लिखे चुनावी रणनीतिकार के रूप में मशहूर जनसुराज नेता प्रशांत किशोर जैसे तीन प्रमुख चेहरे चुनाव मैदान में है। इन पर ही सबकी निगाहें टिकी हैं। यह चुनाव तीनों नेताओं के लिए एक अग्निपरीक्षा है। उनके प्रदर्शन से न सिर्फ उनकी सियासी हैसियत तय होगी बल्कि बिहार की राजनीति को भी नई दिशा मिल सकती है।

नीतीश कुमार लगातार 20 साल से बिहार की राजनीति में प्रमुख चेहरा बने हुए हैं तो तेजस्वी यादव की ₹बिहार अधिकार यात्रा₹ ने ग्रामीण इलाकों में युवाओं के बीच नई चर्चा पैदा की है। प्रशांत किशोर की जन सुराज पार्टी पहली बार विधानसभा चुनाव में उतरेगी और इसने एक साल पहले से ही चुनावी तैयारियां शुरू कर दी थीं। होमवर्क के मामले में जनसुराज आगे दिखाई दे रही है लेकिन हकीकत में परिणाम को अपने पक्ष में करने में कौन सफल होता है, यह अहम और देखने वाली बात है।

सबसे पहले नीतीश कुमार व उनकी पार्टी जदयू की बात करते हैं तो उनके लिए यह अग्निपरीक्षा से कम नहीं है।

74 वर्षीय नीतीश कुमार करीब 20 साल से बिहार की सत्ता में हैं। एक समय उन्हें विकास और सुशासन के लिए 'सुशासन बाबू' कहा जाता था, लेकिन अपनी बार-बार बदलती राजनीतिक साझेदारियों की वजह से उनके इमेज में डेंट लगा है और इसका असर कितना व्यापक होता है, यह देखने वाली बात होगी।

हाल ही में सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो और उनकी तबीयत को लेकर उठे सवालों ने लोगों के मन में शंका पैदा की है कि क्या नीतीश अब भी मुख्यमंत्री पद की जिम्मेदारी संभाल पाएंगे? हालांकि फिलहाल बीजेपी ने उन्हें ही गठबंधन का चेहरा बनाया है। ऐसे में राजनीतिक गलियारे में सवाल यह भी उठता रहा है कि क्या नीतीश कुमार दसवीं बार मुख्यमंत्री की शपथ लेगें या फिर यह चुनाव उनके लंबे राजनीतिक करियर का अखिरी पड़ाव साबित होगा?

वहीं राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के युवा नेता तेजस्वी भी पूरे दमखम के साथ चुनावी मैदान में उतरने को तैयार हैं। हालांकि वह कितना कर पाएंगे कमाल यह देखने वाली बात होगी ?

35 वर्षीय तेजस्वी यादव के पक्ष में यह बात है कि वह राजद के संस्थापक और पूर्व रेल मंत्री तथा बिहार के मुख्य मंत्री रहे लालू प्रसाद यादव के बेटे हैं। 2020 के पिछले विधानसभा चुनाव में राजद 144 में से 75 सीटें जीतकर सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी थी लेकिन कांग्रेस के कमजोर प्रदर्शन के कारण तेजस्वी सरकार नहीं बना सके। पिछले कुछ सालों में उन्होंने अकेले ही पार्टी की कमान संभाली है, क्योंकि उनके पिता लालू यादव बीमार चल रहे हैं, उतने एक्टिव नहीं रह पा रहे हैं। हालांकि चुनाव आयोग द्वारा चुनाव की तारीख की घोषणा के बाद अपने पुराने अंदाज में लालू प्रसाद यादव का बयान आया कि चुनाव 6 और 11 को होने जा रहा है लेकिन हकीकत है कि चुनाव बाद नीतीश और एनडीए दोनों नौ-दो ग्यारह हो जाएंगे।

इसमें दो राय नहीं है कि भाजपा के सामने कई चुनौतियां है। इन चुनौतियों से निपटने में सफल हो पायी तो ही बेड़ा पार के बारे में सोचा जा सकता है।

गौरतलब है कि बिहार में एनडीए में भाजपा-जदयू के अलावा तीन और पार्टियां भी हैं- लोजपा (रामविलास), हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा (हम) और राष्ट्रीय लोक मोर्चा (रालोमो)। भाजपा गठबंधन की सबसे बड़ी पार्टी है और सीटों के तालमेल में सभी सहयोगियों को संतुष्ट करना और जदयू की महत्वाकांक्षा को सम्मान देना पार्टी के सामने बहुत बड़ी चुनौती बनकर उभरी है। अभी तक सत्ताधारी गठबंधन में सीटों पर तालमेल को लेकर चर्चा जारी है और इसके साथ ही एंटी-इंकंबेंसी से निपटने की प्राथमिक जिम्मेदारी का सामना भी उसे ही करना है। क्योंकि, केंद्र से लेकर प्रदेश तक में वह सबसे बड़ी पार्टी है। अगर पार्टी विधायक के प्रति एंटी-इंकंबेंसी से निपटने के लिए नए चेहरों पर दांव लगाती है तो ऐसे नेताओं का विपक्षी दलों के पाले में जाने का डर भी बना हुआ है, जो कड़े संघर्ष की स्थिति में नुकसान पहुंचा सकते हैं। भाजपा 100 सीटों के आसपास लड़ना चाहती है और पार्टी के चुनाव प्रभारी केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के लिए सहयोगियों के दबाव को झेलना आसान नहीं है। लेकिन इस कड़ी को साधने में वह जुटे हैं। देखने वाली बात होगी कि इसमें वह कितना सफल हो पाते हैं। वहीं यह भी बात सच है कि बिहार में भाजपा प्रदेश स्तर पर अपना कोई ऐसा चेहरा नहीं खड़ा कर पाई है, जो नीतीश कुमार का विकल्प दे सके। नतीजा ये है कि आज पार्टी इसकी बहुत ज्यादा खामियाजा भुगत रही है और उसके सामने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के चेहरे पर ही बिहार चुनाव लड़ने के अलावा कोई विकल्प नहीं है। नीतीश के स्वास्थ्य को लेकर कई तरह की आशंकाएं मौजूद हैं. हालांकि, वह पांचवीं बार भी कुर्सी पर नजरें बिठाए हुए हैं। भाजपा के सामने चुनौती ये है कि नीतीश कुमार के भरोसे रहे बिना वह रह भी नहीं सकती, क्योंकि केंद्र में नरेन्द्र मोदी सरकार की स्थिरता भी जदयू के 12 सांसदों के भरोसे है। ऐसे में नीतीश कुमार पर निर्भर रहकर चुनाव मैदान में उतरना भाजपा के लिए दूसरी बहुत बड़ी चुनौती है।

वहीं लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान यूं तो खुद को पीएम मोदी का हनुमान कहते हैं, लेकिन उनकी राजनीतिक महत्वाकांक्षा किसी से छिपी नहीं है। 2024 के लोकसभा चुनाव में 100 प्रतिशत सफलता के साथ लोजपा ने जिस तरह से पांच सीटें जीतीं, उससे उनका हौसला और भी सातवें आसमान पर है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार उन्होंने अपनी पार्टी के लिए 40 सीटें मांगी हैं, जबकि उन्हें भाजपा की ओर से 25 सीटों का ऑफर दिया गया है। चर्चा ये भी है कि अधिकतम 30 सीटों पर भी राजी करवाने की कोशिश की जा रही है लेकिन वह मान नहीं रहे हैं। उनके द्वारा लगातार कहा जा रहा है कि सम्मानजनक सीटें नहीं मिली तो वह गठबंधन से हटकर भी चुनाव लड़ सकते है। चर्चा है कि चिराग पासवान की बातचीत जनसुराज के प्रशांत किशोर से भी हो रही है। याद रखना होगा कि 2020 के चुनाव में चिराग पासवान की वजह से सीटें घटने का रोना जदयू आज तक रो रही है। ऐसे में चिराग को राजी करना भी भाजपा के लिए बड़ी चुनौती बनी हुई है क्योंकि, सभी सहयोगियों को 243 सीटों में ही समायोजित करना है।भाजपा के सामने चौथी बड़ी चुनौती चुनाव रणनीतिकार रहे प्रशांत किशोर की जन सुराज पार्टी है। हालांकि, ऊपरी स्तर पर दोनों ही गठबंधन बिहार चुनाव में प्रशांत किशोर फैक्टर के प्रभावी होने की संभावनाएं खारिज कर रहे हैं। लेकिन, पीके ने जिस तरह से बदलाव का अभियान छेड़ रखा है, उसका असर युवाओं के एक बड़े वर्ग में देखा जा रहा है। अगर वे चुनावों पर बहुत ज्यादा असर नहीं भी डाल पाए, तो कड़े मुकाबले में उनके उम्मीदवार की मौजूदगी ही चुनाव का गुणा-गणित बदल सकता है।

# पराली जलाने की आग में झुलसता उत्तर भारत : समाधान किसानों और पर्यावरण दोनों के हित में

डॉ प्रियंका सौरभ



**हर वर्ष अक्टूबरझ्नवंबर के महीनों में पंजाब और हरियाणा के खेतों से उठने वाला धुआँ दिल्ली सहित पूरे उत्तर भारत की साँसें रोक देता है। पराली जलाना किसानों की विवशता और नीतिनिमार्ताओं की विफलता दोनों का परिणाम है। जब तक किसान के हित, कृषि की आवश्यकताएँ और पर्यावरण संरक्षण को एक साथ जोड़कर देखा नहीं जाएगा, तब तक न तो प्रदूषण घटेगा और न ही ग्रामीण भारत को स्थायी आजीविका का मार्ग मिलेगा।**

हर वर्ष जब धान की कटाई का मौसम आता है, तब पंजाब और हरियाणा के खेतों से उठने वाला धुआँ आसमान को धुंध से भर देता है। यह केवल खेतों की आग नहीं होती, बल्कि भारत की कृषि नीति, आर्थिक असमानता और पर्यावरणीय असंतुलन की जलती हुई तस्वीर होती है। दिल्ली तथा उसके आस-पास के क्षेत्र इस धुएँ से ढक जाते हैं और वायु गुणवत्ता अत्यंत गंभीर स्तर तक पहुँच जाती है।

कानूनी रूप से पराली जलाना प्रतिबंधित है, फिर भी किसान इसे हर साल दोहराते हैं क्योंकि इसके पीछे अनेक सामाजिक और आर्थिक कारण जुड़े हैं।

पराली जलाने का मूल कारण खेतों में बचा हुआ धान का ठूँठ होता है। जब धान की फसल कट जाती है, तब खेत में रह गए अवशेष को हटाने के लिए किसानों के पास न समय होता है न साधन। पंजाब और हरियाणा की कृषि व्यवस्था मुख्य रूप से धान और गेहूँ पर आधारित है। सन् 1960 के दशक की हरित क्रांति ने इन राज्यों को देश का अन्न भंडार तो बना दिया, परंतु कृषि को एकरूपी और जलझ्प्रधान भी बना दिया। भूजल के अत्यधिक दोहन को रोकने के लिए सन् 2009 में पंजाब में ह्लउपझ्जल संरक्षण अधिनियमह्व लागू किया गया, जिसके अंतर्गत धान की रोपाई जून के अंत तक करने का निर्देश दिया गया ताकि मानसूनी वर्षा का लाभ लिया जा सके।

परिणामस्वरूप धान कटाई और गेहूँ की बुवाई के बीच केवल दस से बीस दिन का अंतर रह गया। इतने कम समय में किसान पराली को एकत्रित या सड़ाकर खेत तैयार नहीं कर सकते, इसलिए वे सबसे तेज और सस्ता उपाय–जलाना–चुन लेते हैं।

दूसरा बड़ा कारण आर्थिक है। पराली हटाने या निपटाने के लिए जो मशीनें चाहिए–जैसे सुपर स्ट्रॉ प्रबंधन प्रणाली, हैप्पी सीडर, बेलर या रोटावेटर–वे अत्यंत महँगी हैं। छोटे और सीमांत किसान जिनकी जोत तीन हेक्टेयर से भी कम है, वे इन मशीनों को खरीदने या किराए पर लेने में असमर्थ हैं। उदाहरण के लिए, हैप्पी सीडर का किराया लगभग दो से तीन हजार रुपये प्रति एकड़ पड़ता है, जबकि पराली जलाने में केवल माचिस और थोड़े डीजल का खर्च आता है। यही व्यावहारिकता इस समस्या को गहराई तक जकड़े हुए है।

तीसरा कारण पराली का कम उपयोग मूल्य है। पंजाब और हरियाणा में बोई जाने वाली अधिकतर धान की किस्में साधारण होती हैं, जिनमें सिलिका की मात्रा अधिक होती है। ऐसी पराली पशु चारे के रूप में प्रयोग योग्य नहीं होती और न ही इससे जैव ईंधन या खाद आसानी से बनाई जा सकती है। पूर्वी भारत के राज्यों में धान की पराली पशुओं के चारे के रूप में प्रयोग में आती है, परंतु पंजाबझ्हरियाणा में यह उपयोग सीमित है। इसीलिए यहाँ पराली किसानों के लिए किसी आर्थिक लाभ का साधन नहीं बन पाती।

चौथा कारण है श्रम की कमी और जोत का विखंडन। प्रवासी मजदूरों की संख्या घट रही है, और छोटे खेतों में मशीनरी लगाने की क्षमता नहीं है। समय की कमी और श्रमिकों के अभाव में किसान अगली फसल बोने की जल्दी में पराली को जला देते हैं।

सामाजिक दृष्टि से भी पराली जलाना वर्षों से एक स्वीकृत प्रक्रिया बन चुकी है। किसानों को यह लगता है कि खेत की सफाई का यही सबसे आसान और पारंपरिक तरीका है। कानूनों और जुर्मानों के बावजूद यह प्रथा इसलिए जारी है क्योंकि प्रवर्तन ढीला है और राजनीतिक दबावों के कारण प्रशासन कठोर कार्रवाई नहीं कर पाता। वर्ष 2023 में पंजाब में लगभग साठ हजार पराली जलाने की घटनाएँ दर्ज की गईं, जबकि जुर्माना और निगरानी दोनों व्यवस्था में थे।

अब प्रश्न यह है कि इस समस्या का स्थायी समाधान क्या हो सकता है?

स्पष्ट है कि केवल प्रतिबंध या दंड इस समस्या को समाप्त नहीं कर सकते। आवश्यक है कि ऐसी रणनीति अपनाई जाए जो किसान की आजीविका और पर्यावरण संरक्षण दोनों को साथ लेकर चले।

पहला समाधान है फसल विविधीकरण। पंजाब और हरियाणा की भूमि लगातार धानझ्गेहूँ चक्र से थक चुकी है। जल स्तर भी नीचे जा रहा है। अतः मक्का, दलहन, तिलहन और बागवानी फसलों को बढ़ावा दिया जाना चाहिए। इन फसलों के लिए यदि सरकार न्यूनतम समर्थन मूल्य, बीमा सुरक्षा और निश्चित खरीद सुनिश्चित करे तो किसान धीरे-धीरे धान पर निर्भरता कम कर सकते हैं। हरियाणा की ह्लभावांतर भरपाई योजनाह्व इस दिशा में एक अच्छा उदाहरण है, जिसमें किसानों को मूल्य अंतर की भरपाई दी जाती है।

दूसरा समाधान है यंत्रीकरण और साझा संसाधन। किसानों को मशीनें साझा उपयोग के लिए उपलब्ध कराई जाएँ। पंचायत या सहकारी समितियों के स्तर पर ह्लकस्टम हायरिंग केंद्रह्व स्थापित हों, जहाँ से किसान कम किराए पर हैप्पी सीडर या सुपर स्ट्रॉ प्रबंधन प्रणाली जैसी मशीनें ले सकें। केंद्र सरकार की ह्लफसल अवशेष प्रबंधन योजनाह्व के अंतर्गत पंजाब और हरियाणा में एक लाख से अधिक मशीनें बाँटी गई हैं, पर इनकी पहुँच सभी किसानों तक नहीं हो पाई है। यदि हर गाँव में सामुदायिक यांत्रिक केंद्र बने, तो किसान पराली जलाने से बचेंगे।

तीसरा उपाय है पराली का औद्योगिक उपयोग। पराली को कचरा न मानकर एक संसाधन के रूप में देखा जाए। इससे जैव ऊर्जा, एथेनॉल, कागज, पैकेजिंग और निर्माण सामग्री तैयार की जा सकती है। उदाहरण के लिए, भारतीय तेल निगम की पानीपत जैव रिफाइनरी प्रतिवर्ष लगभग दो लाख टन पराली से एथेनॉल बनाती है। यदि इस प्रकार की परियोजनाएँ हर जिले में स्थापित हों तो पराली किसानों के लिए आय का स्रोत बनेगी और जलाने की आवश्यकता कम होगी। सरकार को परिवहन सहायता, खरीद अनुबंध और स्थायी बाजार उपलब्ध कराने की नीति बनानी चाहिए।

चौथा कदम होना चाहिए कृषिझ्पर्यावरणीय समय निर्धारण। धान की छोटी अवधि वाली किस्में जैसे पी.आर.झ्126 या डी.आर.आर. धानझ्44 अपनाने से किसानों को फसल कटाई और बुवाई के बीच कुछ अतिरिक्त दिन मिल सकते हैं। इस समय का उपयोग पराली प्रबंधन में किया जा सकता है।

इसके साथझ्साथ परिशुद्ध कृषि यानी सटीक तकनीकी साधनों का प्रयोग, जलझ्सिंचाई प्रणाली में सुधार और जैविक खाद उपयोग से भी पर्यावरणीय लाभ मिलेगा।

पाँचवाँ, सामुदायिक प्रोत्साहन और जनजागरूकता। पराली न जलाने वाले किसानों को आर्थिक प्रोत्साहन दिया जाए, गाँव स्तर पर प्रतियोगिता आयोजित हो और ह्लशून्य दहन ग्रामह्व घोषित किए जाएँ। दिल्ली, पंजाब और हरियाणा में ह्लपुसा डीकंपोजरह्व नामक जैविक घोल के प्रयोग से पराली को खेत में ही खाद में बदला जा रहा है। यदि इस तकनीक को बड़े पैमाने पर अपनाया जाए तो पराली जलाने की आवश्यकता नहीं बचेगी।

छठा, प्रशासनिक तालमेल और नीतिझ्समन्वय। केंद्र तथा राज्य सरकारों के बीच सामंजस्य होना चाहिए ताकि कृषि, पर्यावरण और ऊर्जा विभाग एक साझा योजना के अंतर्गत काम करें। पराली प्रबंधन को ग्रामीण रोजगार योजना, जैव ऊर्जा मिशन और जलवायु परिवर्तन कार्यक्रमों से जोड़ा जा सकता है। उदाहरण के लिए, मनरेगा के अंतर्गत पराली एकत्रीकरण या जैव खाद इकाइयों में कार्य को रोजगार से जोड़ा जा सकता है।

सातवाँ, शहरीझ्ग्रामीण सहभागिता भी इस दिशा में उपयोगी होगी। दिल्ली जैसे महानगर जहाँ प्रदूषण का सबसे अधिक प्रभाव होता है, उन्हें अपने सामाजिक उत्तरदायित्व निधि के माध्यम से पंजाबझ्हरियाणा के किसानों को आर्थिक सहायता प्रदान करनी चाहिए। इससे प्रदूषण के स्रोत और पीड़ित क्षेत्र के बीच साझा जिम्मेदारी की भावना विकसित होगी।

इसके साथ-साथ तकनीकी निगरानी प्रणाली को भी सशक्त बनाना चाहिए। उपग्रह आधारित आँकड़ों से पराली जलाने की घटनाओं की त्वरित जानकारी मिल सकती है, जिससे स्थानीय प्रशासन समय रहते हस्तक्षेप कर सके। परंतु यह हस्तक्षेप केवल दंडात्मक न होकर सहयोगात्मक होना चाहिए।

इन सभी उपायों का उद्देश्य यह है कि किसान को दोषी नहीं बल्कि भागीदार बनाया जाए। किसान पराली इसलिए जलाते हैं क्योंकि उनके पास व्यावहारिक विकल्प नहीं हैं। जब उन्हें ऐसे विकल्प मिलेंगे जो सस्ते, लाभकारी और पर्यावरण के अनुकूल हों, तो वे स्वयं इस समस्या के समाधान का हिस्सा बनेंगे।

अंततः यह समझना होगा कि पराली जलाना केवल पर्यावरणीय संकट नहीं बल्कि सामाजिकझ्आर्थिक असंतुलन का परिणाम है। इसे रोकने के लिए किसानों के कल्याण, नीति सुधार और तकनीकी समर्थन का समन्वय आवश्यक है। यदि पराली को ऊर्जा, उद्योग और जैविक खाद के रूप में उपयोग में लाया जाए, तो यह प्रदूषण का कारण नहीं बल्कि विकास का साधन बन सकती है।

पराली जलाने की समस्या का समाधान केवल प्रतिबंधों और दंड से नहीं, बल्कि संवेदनशील नीति, किसानों की सहभागिता और तकनीकी नवाचार से निकलेगा। जब फसल विविधीकरण, यंत्रीकरण, पराली का औद्योगिक उपयोग और सामुदायिक प्रोत्साहन एक साथ काम करेंगे, तब ही स्वच्छ वायु और सुरक्षित कृषि दोनों संभव होंगी।

यह संतुलन ही उत्तर भारत को पराली की आग से मुक्त करने और टिकाऊ कृषि विकास की दिशा में अग्रसर करने का एकमात्र मार्ग है।

# एक युग का अंत: पंकज धीर — परदे पर कर्ण की गरिमा और जीवन में धर्म का प्रतीक

राष्ट्र संवाद डेस्क

ह्यधर्म का पालन करते हुए भी जो तिरस्कार सहता है, वही सच्चा योद्धा होता है।ह्न

महाभारत के कर्ण के रूप में पंकज धीर ने जब यह भाव अपने अभिनय से जीवंत किया था, तब करोड़ों दर्शकों के मन में उन्होंने केवल एक पात्र नहीं, बल्कि एक आदर्श गढ़ दिया था। आज उनके निधन के साथ टेलीविजन इतिहास का एक सुनहरा अध्याय समाप्त हो गया है।

### जीवनी और अभिनय यात्रा

पंकज धीर का जन्म 9 नवंबर 1959 को हुआ था। उनके पिता सी.एल. धीर हिंदी सिनेमा के प्रसिद्ध लेखक रहे हैं। बचपन से ही फिल्मों और नाटकों के वातावरण में पले पंकज धीर ने अभिनय को अपने जीवन का मार्ग चुना।

उन्होंने अपने करियर की शुरूआत फिल्मों से की, लेकिन 1988 में बी.आर. चोपड़ा के धारावाहिक महाभारत में कर्ण की भूमिका ने उन्हें अमर बना दिया। उस समय टेलीविजन की पहुँच गाँव-गाँव तक थी, और हर रविवार जब महाभारत प्रसारित होती थी, तो लोग सड़कों पर सन्नाटा पसरा देते थे। पंकज धीर का गूंजता संवाद, स्थिर चेहरा और आँखों की करुणा–इन सबने कर्ण को घर-घर में ह्लवीरता और अपमान सहने का प्रतीकह्व बना दिया।

इसके बाद उन्होंने सैनिक, बॉर्डर, ताल, गुंडा राज, रिफ्यूजी जैसी फिल्मों में महत्वपूर्ण भूमिकाएँ निभाईं। पंकज धीर ने न केवल फिल्मों में अभिनय किया बल्कि निर्देशन की दिशा में भी कदम बढ़ाया। उन्होंने ट८ ॠं३ॊ१ ॠङ्ग्रीं३ॊ१ जैसी परियोजनाओं में निर्देशक के रूप में अपनी रचनात्मकता दिखाई।

### कला के प्रति समर्पण और नई पीढ़ी के लिए प्रेरणा

पंकज धीर केवल अभिनेता नहीं थे – वे अभिनय को ह्लआत्मानुशासनह्व मानते थे। उनका मानना था कि कलाकार का धर्म है – ह्लभावना को सत्यता से प्रस्तुत करना, चाहे भूमिका कितनी भी कठिन क्यों न हो।ह्व



उन्होंने मुंबई में Abbhinnay Acting Academy की स्थापना की, जहाँ युवा कलाकारों को अभिनय की बारीकियाँ सिखाई जाती थीं। उनके पुत्र निकितिन धीर ने भी उनके पदचिह्नों पर चलकर बॉलीवुड में अपनी पहचान बनाई है।

### कर्ण का दर्शन और पंकज धीर का जीवन

कर्ण के चरित्र की त्रासदी – जन्म से उपेक्षित होना, दानवीरता के बावजूद अपमान सहना, और अंत तक धर्म के द्वंद्व में रहना – यह सब कुछ पंकज धीर ने इतनी गहराई से निभाया कि दर्शक पात्र और अभिनेता में भेद भूल गए।

संयोग देखिए, वही कर्ण का आत्मसंयम, शौर्य और विनम्रता पंकज धीर के अपने जीवन में भी दिखाई देती थी।

वे हमेशा गरिमामय, संयमित और संस्कारवान व्यक्तित्व के रूप में जाने जाते थे।

उनसे मिलने वाले सहकर्मी बताते हैं कि वे कभी किसी की निंदा नहीं करते थे; वे कहा करते थे – ह्लकला की दुनिया में कोई प्रतिस्पर्धी नहीं, केवल साधक होते हैं।

आज जब पंकज धीर हमारे बीच नहीं रहे, तब केवल एक अभिनेता नहीं, बल्कि एक युग का अंत हुआ है।

उन्होंने जिस युग में टेलीविजन को ह्लधार्मिक और सांस्कृतिक चेतनाह्व से जोड़ा, वह दौर आज इतिहास बन गया।

उनकी छवि – कवच-कुंडल पहने हुए, सूर्यपुत्र कर्ण के रूप में – हर सनातनी के दिल में अंकित है।

पंकज धीर जी ने हमें यह सिखाया कि गरिमा और धर्म का पालन केवल ग्रंथों का विषय नहीं, बल्कि जीवन की साधना है।

उनका यह जीवन संदेश आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करता रहेगा –

ह्लधर्म का पालन करते हुए भी जो तिरस्कार सहता है, वही सच्चा योद्धा होता है।ह्व

₹पंकज धीर केवल परदे के कर्ण नहीं थे, बल्कि जीवन के भी सच्चे योद्धा थे।₹

उनकी गरिमा, त्याग और आस्था की छवि सदैव अमर रहेगी।

# मिथिला की बेटी पर शब्दों के बाण क्यों?

## विरोध की भी एक मर्यादा होती है – राजनीति में नहीं, संस्कृति में बेटी का सम्मान सर्वोपरि है

राष्ट्र संवाद संवाददाता

पूरे देश में प्रचलित है ह्लबेटी का सम्मान देखना है तो मिथिला में देखो।ह्व

सीता जी की पावन भूमि मिथिला में बेटी को देवी का रूप माना गया है। यहाँ दामाद की आवभगत जगप्रसिद्ध है, और बेटियों को संस्कारों की शिरोमणि समझा जाता है।

परंतु पिछले कुछ दिनों से मिथिला की इस गरिमा पर प्रश्न उठे हैं।सिर्फ इसलिए कि 20झ्25 वर्ष की कलाकार मैथिली ठाकुर को भारतीय जनता पार्टी ने प्रत्याशी बनाया, सोशल मीडिया पर उनके प्रति अपशब्दों और दुर्भावनापूर्ण टिप्पणियों की झड़ी लग गई।

### कला और राजनीति के बीच एक असभ्य रेखा

मैथिली ठाकुर वह गायिका, जिसकी आवाज में भक्ति, लोक और संस्कृति का समन्वय है आज कुछ लोगों की राजनीतिक नाराजगी का शिकार बन गई हैं।

लोकतंत्र में विरोध का अधिकार है, लेकिन विरोध का अर्थ अपमान नहीं हो सकता।

कला की साधक पर निजी टिप्पणियाँ करना न केवल अशोभनीय है, बल्कि समाज की सांस्कृतिक चेतना को भी आहत करता है।

### राजनीति अपनी जगह, संस्कृति अपनी मर्यादा

भाजपा का यह निर्णय राजनीतिक है; कोई इसे समर्थन दे, कोई असहमति रखे – यह सब स्वाभाविक है।

परंतु मर्यादा वही होती है जब हम असहमति में भी सम्मान बनाए रखें।

मैथिली ठाकुर किसी दल से अधिक, मिथिला की बेटी हैं – जिन्होंने माँ सरस्वती की साधना को युगों तक पहुँचाया है।

### मिथिला की महानता शब्दों की मयार्दा में है

मिथिला केवल भौगोलिक क्षेत्र नहीं, यह संस्कृति का संस्कार है।

यह वही भूमि है जहाँ सीता का त्याग और विद्वता दोनों पूजे जाते हैं।

यदि हम एक बेटी के प्रति असंयमित भाषा का प्रयोग करते हैं, तो हम मिथिला की आत्मा से ही दूर हो जाते हैं।

### मिथिला महान था, है और रहेगा

लेकिन उसकी महानता तभी बचेगी जब हम अपनी बेटियों के सम्मान की रक्षा करेंगे।

विरोध करें, बहस करें, पर संस्कार और संस्कृति को राजनीति की भेंट न चढ़ाएँ।



# आदि कर्मयोगी अभियान में सरायकेला-खरसावाँ जिले का चयन देश के सर्वश्रेष्ठ जिलों में

राष्ट्र संवाद संवाददाता

सरायकेला-खरसावाँ जिले के लिए यह गर्व का विषय है कि जिला भारत सरकार के जनजातीय कार्य मंत्रालय द्वारा संचालित ह्लआदि कर्मयोगी अभियानह्व एवं ह्लधरती आबा जनभागीदारी अभियानह्व के तहत देश के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले जिलों में चयनित हुआ है।

यह उपलब्धि जिले में संचालित नवाचारी पहलों, समावेशी जनजातीय विकास के क्षेत्र में किए गए उत्कृष्ट कार्यों तथा समुदाय की सक्रिय भागीदारी के कारण संभव हुई है इस उपलब्धि के उपलक्ष्य में भारत सरकार के जनजातीय कार्य मंत्रालय द्वारा आयोजित राष्ट्रीय सम्मेलन एवं पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन दिनांक 17 अक्टूबर, 2025 को विज्ञान भवन, नई दिल्ली में किया जा रहा है। इस समारोह में सरायकेला-खरसावाँ जिला सहित झारखण्ड के पाकुड़, जामताड़ा, सिमडेगा एवं लोहरदगा जिले को सम्मानित किया जाएगा।

इस सम्मान से जिले के जनजातीय सशक्तिकरण, भागीदारी आधारित विकास मॉडल और कर्मठ प्रशासनिक प्रयासों को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान मिली है।

इस राष्ट्रीय समारोह में सरायकेला-खरसावाँ के उपायुक्त श्री नितिश कुमार सिंह उपस्थित रहेंगे।



# रंभा कॉलेज में ए आई और आधुनिक शिक्षा पर विभागीय सेमिनार

राष्ट्र संवाद संवाददाता

रंभा कॉलेज के कंप्यूटर साइंस विभाग द्वारा आयोजित सेमिनार में 'रोल ऑफ ए आई इन मॉडर्न एजुकेशन' (आधुनिक शिक्षा में ए आई की भूमिका) विषय पर गहन चर्चा हुई, जिसमें छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और बेहतरीन पीपीटी प्रजेंटेशन दिया ?।

इस प्रजेंटेशन में छात्र अंकित कुमार सिंह, सलोनी सरदार, और सुनिधि कुमारी ने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। महाविद्यालय की ओर से उन्हें पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया और उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं देते हुए भविष्य में भी ऐसे ही आगे



बढ़ने की प्रेरणा दी गई।

कार्यक्रम को सफलतापूर्वक आयोजित करने और मंच का संचालन करने की जिम्मेदारी कंप्यूटर साइंस विभाग के लेक्चरर श्री नाजिश कामरान ने निभाई। कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद ज्ञापन असिस्टेंट प्रोफेसर शीतल कुमारी द्वारा किया गया।

इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. कल्याणी कबीर की गरिमामयी उपस्थिति रही। इनके अतिरिक्त, कार्यक्रम में डॉ. किशन कुमार शर्मा, डॉ. भूपेश चंद, डॉ. सतीश चंद्र, असिस्टेंट प्रोफेसर रश्मि लुगुन, और असिस्टेंट प्रोफेसर मंजू गगराई सहित कई गणमान्य शिक्षकगण उपस्थित थे।

महाविद्यालय के सचिव गौरव बच्चन जी ने कहा कि रंभा कॉलेज के स्नातक विभाग में हर विषय से संबंधित सेमिनार होते रहते हैं।

इस कंप्यूटर साइंस के सेमिनार का उद्देश्य छात्रों को कृत्रिम बुद्धिमत्ता के शिक्षा क्षेत्र में बढ़ते महत्व और नवाचारों से अवगत कराना था।

आई क्यू ए सी इंचार्ज डॉक्टर किशन शर्मा जी ने कहा कि भविष्य में भी हर विभाग के द्वारा इस तरह के ज्ञानवर्धक सेमिनार होते रहेंगे ताकि विद्यार्थियों को अपने विषय से संबंधित अद्यतन जानकारी मिलती रहे।

# यूसील सुमु यूनियन के नेताओं में हर्ष, बाबूलाल सोरेन को भाजपा ने घाटशिला उपचुनाव में दिया टिकट

राष्ट्र संवाद संवाददाता

**जादूगोड़ा** : यूसील सुमु यूनियन के अध्यक्ष बाबूलाल सोरेन को भाजपा द्वारा घाटशिला विधानसभा उपचुनाव में उम्मीदवार बनाए जाने पर यूनियन के नेताओं में खुशी की लहर है। जादूगोड़ा लेबर यूनियन के महासचिव सुरजीत सिंह ने कहा कि यह गर्व की बात है कि हमारी साथी यूनियन के अध्यक्ष को चुनाव में टिकट मिला है।

सुरजीत सिंह ने उम्मीद जताई कि चुनाव जीतने पर बाबूलाल सोरेन यूसील प्रबंधन से लंबित मांगों को पूरा करवाने में सहयोग करेंगे। उन्होंने बताया कि पेंशन, कैंटीन



व्यवस्था, अस्पताल सुधार, कपड़ा-जूता वितरण और गोल्डन जुबली उपहार जैसी कई मांगें अभी तक पूरी नहीं हो पाई हैं। इसके साथ ही उन्होंने बताया कि यूसील कॉलोनी की स्थिति जर्जर है और सुरक्षा व्यवस्था में भी मजदूरों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

## सार-संक्षेप

### स्वदेशी जागरण मंच की ओर से 'एक दीया शहीदों के नाम' कार्यक्रम आज



राष्ट्र संवाद संवाददाता

**गम्हरिया** ।स्वदेशी जागरण मंच की ओर से शुक्रवार, 17 अक्टूबर को छोटा गम्हरिया स्थित दुगार्पूजा मैदान में 'एक दीया शहीदों के नाम' कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस बावत जानकारी देते हुए मंच के जिला संयोजक अजीत कुमार सिंह ने बताया कि देश की रक्षा करते अपने प्राणों की आहुति देने वाले हमारे वीर जवानों को श्रद्धांजलि देने के लिए दीपावली की पूर्व संध्या पर इस कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस दौरान मंच की ओर से क्षेत्र के प्रबुद्ध नागरिकों को सम्मानित भी किया जाएगा। साथ ही, बीते 8 अक्टूबर को मंच द्वारा आयोजित प्रश्नोत्तरी एवं चित्रकला प्रतियोगिता में सम्मिलित बच्चों को भी पुरस्कृत किया जाएगा। इसके सफल आयोजन के लिए तैयारी में रश्मि साहू, अमित सिंहदेव, पूर्व सैनिक डॉ0 शरदेन्दु शेखर, राजन साहू, विवेक कुमार, नगीना, अर्पित यादव, आदर्श, मनीष मुखर्जी, मानस प्लाजा समेत मंच कई कार्यकर्ता लगे हैं।

### जादूगोड़ा : यूसील की जर्जर पाइपलाइन दुर्घटना की चेतावनी, ग्रामीणों ने जताई चिंता



राष्ट्र संवाद संवाददाता

**जादूगोड़ा :** जादूगोड़ा के यूसील रियर गेट के सामने मुख्य सड़क के ऊपर बनी पुरानी पाइपलाइन कई वर्षों से जर्जर हालत में है। यह पाइपलाइन टेलिंग पौंड तक यूरेनियम अयस्क ले जाने के लिए यूसील की लाइफलाइन मानी जाती है।

स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि पाइपलाइन के ऊपर लगे टीना का चदरा पूरी तरह जर्जर हो चुका है और कभी भी गिर सकता है, जिससे राहगीरों और आसपास के लोगों को खतरा है। पाइपलाइन में कोई क्षति आने पर यूसील को भारी नुकसान झेलना पड़ सकता है।

ग्रामीणों ने कई बार यूसील प्रबंधन को इसकी जानकारी दी है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। इस जर्जर स्थिति से बड़ी दुर्घटना का खतरा लगातार बढ़ रहा है।

### घाट शिला में इंडी अलायंस एकजुट, मंच पर झामुमो के साथ दिखे कांग्रेस-राजद-सीपीआई नेता



राष्ट्र संवाद संवाददाता

घाटशिला के जेएन प्लेस में आयोजित प्रेस वार्ता में झामुमो के केंद्रीय प्रवक्ता सह पूर्व विधायक कुणाल षड़ंगी , भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के जिला अध्यक्ष परविंदर सिंह, राष्ट्रीय जनता दल के जिला अध्यक्ष शंभू चौधरी, सीपीआई के राज्य सचिव महेंद्र पाठक, जिला सचिव अंबुज कुमार ठाकुर, जिला कार्यकारी सदस्य विक्रम कुमार , जिला परिषद डॉ परितोष सिंह ,पार्टी के जिला संयोजक मंडली के प्रमुख श्री बाघराय मार्डी , कांग्रेस प्रदेश सचिव सनत काल्टु चक्रवर्ती , कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष संजय सिंह आजाद सहित कई वरिष्ठ नेता उपस्थित रहे।

इस दौरान आगामी उप चुनाव की तैयारियों, महागठबंधन की एकजुटता और क्षेत्र के सर्वांगीण विकास को लेकर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। सबों ने एकस्वर में कहा कि झामुमो प्रत्याशी सोमेश चंद्र सोरेन को जीताकर हेमंत सोरेन सरकार को मजबूत बनाये रखना है ह्व

### टाटा स्टील और एयर वाटर इंडिया के बीच 20 साल का अनुबंध




जमशेदपुर एयर सेपरेशन यूनिट के संचालन और रखरखाव के लिए करार

राष्ट्र संवाद संवाददाता

**जमशेदपुर**, 16 अक्टूबर 2025 : टाटा स्टील ने अपनी एयर सेपरेशन यूनिट के संचालन और रखरखाव के लिए एयर वाटर इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के साथ 20 वर्षीय अनुबंध किया है। यह यूनिट वर्तमान में स्थिरीकरण चरण में है और नवंबर 2025 में एयर वाटर को सौंप दी जाएगी।

यह अनुबंध पीयूष गुप्ता, वाइस प्रेसिडेंट , टाटा स्टील और कौशिक मुखोपाध्याय, एमडी, एयर वाटर इंडिया प्रा. लि. के बीच हस्ताक्षरित हुआ।

ऑनसाइट प्लांट प्रतिदिन 1,800 टन ऑक्सीजन, साथ ही नाइट्रोजन, आर्गन और ड्राई कंप्रेस्ड एयर का उत्पादन करेगा, जिसका उपयोग मुख्यतः टाटा स्टील के ब्लास्ट फर्नेस और स्टील मेल्टिंग शॉप्स में होगा।

यह साझेदारी दोनों कंपनियों के संबंधों को और मजबूत करेगी तथा गैस आपूर्ति की विश्वसनीयता, दक्षता और संचालन उत्कृष्टता को बढ़ाएगी। एयर वाटर की क्रायोजेनिक संचालन विशेषज्ञता और जापान स्थित इकाइयों से रिमोट सपोर्ट इस यूनिट की उत्पादकता में नया आयाम जोड़ेगी।

### टाटा स्टील को विश्व स्तर पर मिला सेफ्टी एंड हेल्थ एक्सीलेंस अवॉर्ड 2025

**जमशेदपुर** : टाटा स्टील को वर्ल्ड स्टील एसोसिएशन द्वारा सेफ्टी एंड हेल्थ एक्सीलेंस रिकग्निशन 2025 से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान कंपनी को प्रोसेस सेफ्टी मैनेजमेंट श्रेणी में रेल आधारित हॉट मेटल ट्रांसपोर्ट में सेफ्टी इंस्ट्रूमेंटेड सिस्टम के माध्यम से हॉट मेटल रिसाव की रोकथाम परियोजना के लिए मिला है। इस वर्ष विश्वभर से केवल पाँच पहलें इस सम्मान के लिए चुनी गईं जिनमें टाटा स्टील की पहल ने वैश्विक स्तर पर अपनी विशिष्ट पहचान बनाई। यह लगातार तीसरा वर्ष है जब टाटा स्टील को यह प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय सम्मान प्राप्त हुआ है जिससे वह भारत की एकमात्र इस्पात कंपनी बन गई है जिसे यह गौरव लगातार मिला है।

# एसएस प्लस टू उवि गम्हरिया में विश्व डिस्लेक्सिया दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

राष्ट्र संवाद संवाददाता

**गम्हरिया** ।एसएस प्लस टू उच्च विद्यालय, गम्हरिया में विश्व डिस्लेक्सिया दिवस के अवसर पर विद्यालय में जागरूकता फैलाने हेतु तीन दिवसीय विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस मौके पर विद्यालय परिसर में पोस्टर मेकिंग, रंगोली प्रतियोगिता तथा साइलेंट वॉक (मौन पदयात्रा) का आयोजन किया गया जिसमें काफी संख्या में बच्चो और शिक्षकों ने भाग लिया।इन सभी गतिविधियों का अवलोकन प्रधानाध्यापक मिठाई लाल यादव व विद्यालय के अन्य शिक्षकों ने किया। इस मौके पर



प्रधानाध्यापक ने बच्चों के उत्साह की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से बच्चों में संवेदनशीलता, समझ और सहानुभूति की भावना का विकास होता है।

इस मौके पर बच्चों व शिक्षक-शिक्षिकाओं द्वारा डिस्लेक्सिया से प्रभावित बच्चों के प्रति जागरूकता और सहयोग की भावना को निरंतर आगे बढ़ाते रहने का संकल्प भी लिया।

# गम्हरिया इंग्लिश स्कूल में आयोजित दीपोत्सव में बच्चों ने दिया प्रेम, एकता और खुशियों का संदेश

राष्ट्र संवाद संवाददाता

**गम्हरिया** ।दीपावली के अवसर पर गम्हरिया इंग्लिश स्कूल में दीपोत्सव का आयोजन किया गया। इस मौके पर विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा अत्यंत उत्साह और सृजनशीलता के साथ रंग-बिरंगे दीप सजाए गए और उन्हें स्थानीय लोगों के बीच वितरित किया। बताया गया है कि इस पहल का उद्देश्य समाज में प्रेम, आनंद और एकता का संदेश फैलाना था। इस मौके पर उपस्थित विद्यालय की उपाध्यक्ष रिंकू रॉय ने बच्चों के रचनात्मकता की




सराहना करते हुए कहा कि दीपावली हमें यह सिखाती है कि एक छोटा-सा दीप भी अंधकार को मिटा सकता है। उन्होंने सभी को मिलकर समाज मे प्रेम, सद्भाव और सकारात्मकता का प्रकाश फैलाने की सलाह दी। इस मौके पर विद्यालय के निदेशक सुब्रत रॉय ने भी बच्चों के प्रयासों की प्रशंसा की।

उन्होंने कहा कि हमारे बच्चे केवल शिक्षा में ही नहीं, बल्कि सामाजिक उत्तरदायित्व निभाने में भी अग्रणी हैं। इस प्रकार का आयोजन समाज में मानवता और सकारात्मक सोच को प्रोत्साहित करता हैं। विद्यालय की प्रशासक रीमा बनर्जी, प्रधानाध्यापिका किरण चोली तथा सचिव शिप्रा पाल ने भी संयुक्त रूप से बच्चों को प्रोत्साहित किया। उन्होनें कहा कि आप सभी के चेहरों पर जो उत्साह और खुशी झलक रही है, वही दीपावली का असली अर्थ है। इसी भावना के साथ हमें अपने जीवन में भी दूसरों के लिए प्रकाश बनना चाहिए। कार्यक्रम का समापन उत्सव, हँसी और उल्लास के साथ हुआ जिसने दीपावली के सच्चे अर्थ ह्यप्रेम, शांति और खुशियाँ बाँटनाह्व को साकार कर दिया।

# ए.आई.के.के.एम.एस. ने राष्ट्रपति को भेजा ज्ञापन – जनविरोधी भूमि अधिग्रहण पर रोक लगाने की मांग

राष्ट्र संवाद संवाददाता

**चांडिल** : ऑल इंडिया किसान खेत मजदूर संगठन , जिला समिति सरायकेला ने राष्ट्रपति को संबोधित एक ज्ञापन भेजकर केंद्र एवं विभिन्न राज्य सरकारों की भूमि अधिग्रहण नीतियों का कड़ा विरोध किया है। संगठन ने आरोप लगाया कि सरकारें कॉरपोरेट पूंजीपतियों के हित में किसानों और खेत मजदूरों की जमीन छीन रही हैं, जिससे ग्रामीणों को आजीविका संकट का सामना करना पड़ रहा है।

संगठन के जिला अध्यक्ष राधा नाथ कुमार और जिला सचिव




अशुदेव महतो ने बताया कि ओडिशा सरकार द्वारा सुंदरगढ़ जिले के पटना ब्लॉक में व्यापक भूमि अधिग्रहण किया जा रहा है, जिससे हजारों परिवारों को विस्थापन का डर है। इसी तरह झारखंड, उत्तर प्रदेश और अन्य राज्यों में भी जबरन भूमि अधिग्रहण की घटनाएं बढ़ रही हैं। ज्ञापन में संगठन ने राष्ट्रपति से मांग की है कि वे राज्य सरकारों की जनविरोधी भूमि अधिग्रहण नीतियों पर रोक लगाने के लिए हस्तक्षेप करें और किसानों की आजीविका की सुरक्षा सुनिश्चित करें।

संगठन ने चेतावनी दी है कि यदि सरकारें अपनी जनविरोधी नीतियों पर अड़ी रहीं, तो राज्यभर में व्यापक आंदोलन किया जाएगा।

# सरायकेला में अवैध शराब के खिलाफ सरायकेला पुलिस ने बड़ी कार्रवाई

राष्ट्र संवाद संवाददाता

अवैध शराब के खिलाफ सरायकेला पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए करीब 14 लख रुपए मूल्य के नकली अंग्रेजी शराब बरामद किए हैं. पुलिस ने इस मामले में दो तस्करों को भी गिरफ्तार किया है जिसे पूछताछ के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है. गुरुवार को इसकी जानकारी देते हुए पुलिस अधीक्षक मुकेश कुमार लुणायत ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि सरायकेला थाना क्षेत्र के हाथीमारा गांव में अवैध नकली शराब का



कारोबार किया जा रहा है जिसके बाद अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया.

सूचना पर पहुंची टीम ने हाथीमारा गांव निवासी कृष्णा हेसा के घर में छापेमारी की. जहां तलाशी लेने पर करीब 248 पेटी करीब 2019 लीटर अलग-अलग ब्रांड के नकली शराब की पेटियां बरामद की गई. इसके अलावा शराब पैकिंग करने में प्रयुक्त समान, स्टीकर, सीलिंग मशीन वगैरह बरामद किए गए. पुलिस ने मौके से दो लोगों को गिरफ्तार किया है जिसका नाम दीपक नामित और लुगनी हेंब्रम है. दोनों खरसावां थाना क्षेत्र के रहने वाले बताए जा रहे हैं. पुलिस अधीक्षक ने बताया कि गिरफ्तार तस्करों ने पूछताछ में कई नामों का खुलासा किया है, जिनकी गिरफ्तारी को लेकर छापेमारी चल रही है. पुलिस अधीक्षक ने जिला के लिए इसे एक बड़ी उपलब्धि बताया.

# घाटशिला उपचुनाव : पूरे राज्य की नजर इस हाईटेक मुकाबले पर, संजीव सरदार ने दी जीत का मंत्र



राष्ट्र संवाद संवाददाता

**जादूगोड़ा** : घाटशिला उपचुनाव पर पूरे राज्य के नेताओं की नजर टिकी हुई है। यह चुनाव हाईटेक और प्रतिष्ठा का मामला बन गया है, जिसमें झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) और भाजपा की सियासी साख दांव पर लगी है।

पूर्व मंत्री स्वर्गीय रामदास सोरेन के पुत्र सोमेश सोरेन को झामुमो ने घाटशिला उपचुनाव का उम्मीदवार बनाया है। पोटका विधायक संजिव सरदार ने उन्हें बधाई दी और जीत का मंत्र देते हुए उपचुनाव में पार्टी की सफलता के लिए गहन मंथन किया।

संजिव सरदार ने कहा कि इस जीत के जरिए स्वर्गीय रामदास सोरेन को सच्ची श्रद्धांजलि दी जाएगी। उन्होंने याद दिलाया कि रामदास सोरेन ने मंत्री रहते हुए जनता के लिए कम समय में कई महत्वपूर्ण काम किए। विधायक संजीव सरदार लगातार घाटशिला में दौरा कर पार्टी को मजबूत करने और कार्यकताओं को जुटाने का काम कर रहे हैं। उनका संकल्प है कि इस उपचुनाव में झामुमो के उम्मीदवार की ही जीत होगी।

# भाजपा के नामांकन सभा में जुटेंगे प्रत्येक बूथ से 20-20 कार्यकर्त्ता - अभय सिंह

राष्ट्र संवाद संवाददाता

**घाटशिला विस क्षेत्र में 300 बूथ है**

भाजपा प्रत्याशी बाबूलाल सोरेन शुक्रवार को नामांकन दाखिल करेंगे। नामांकन को लेकर भाजपा नेताओं की ओर से खास तैयारी की गई है। इस संबंध में वरीय भाजपा नेता एवं चुनाव का प्रबंध संभाल रहे अभय सिंह ने बताया कि नामांकन से पूर्व मऊभंडार ताम्र प्रतिभा मैदान में चुनावी सभा की जाएगी। सभा को प्रदेश के प्रथम मुख्यमंत्री व प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, कार्यकारी अध्यक्ष आदित्य साहू, पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन, सांसद विद्युतवरण महतो समेत कई बड़े नेता संबोधित करेंगे। उन्होंने कहा कि प्रत्येक बूथ से 20-20



कार्यकर्ता यानी छह हजार कार्यकर्ता सभा में शामिल होंगे। साथ ही कई अन्य समर्थक भी नामांकन सभा में शामिल होंगे। कहा कि बाबूलाल सोरेन के रुप में पार्टी ने लोकप्रिय नेता को प्रत्याशी बनाया है जिससे भाजपा कार्यकर्ता काफी उत्साहित है। पार्टी कार्यकर्ता प्रत्याशी को जीताने का संकल्प ले चुके है। उन्होंने कहा कि शुक्रवार की सभा के बाद घाटशिला में गजब का उत्साह पार्टी कार्यकताओं के साथ ही स्थानीय लोगों के बीच देखने को मिलेगा। अभय सिंह ने आम जनता से चुनावी सभा में शामिल होने का आह्वान किया है। मौके पर जिलाध्यक्ष चंडीचरण साव, पूर्व जिलाध्यक्ष दिनेश साव उपस्थित थे।

# टाटा मेन हॉस्पिटल ने मनाया वर्ल्ड स्पाइन डे, जागरूकता सत्र का आयोजन

राष्ट्र संवाद संवाददाता

**जमशेदपुर**, 16 अक्टूबर 2025 : वर्ल्ड स्पाइन डे के अवसर पर टाटा मेन हॉस्पिटल ने दोराबजी टाटा पार्क में विशेष जागरूकता सत्र आयोजित किया। सत्र का उद्देश्य रीढ़ की हड्डी के स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना था।

कार्यक्रम में सही बैठने की मुद्रा, एर्गोनोमिक शिक्षा और पीठ दर्द से राहत देने वाले व्यायाम पर जोर दिया गया। प्रतिभागियों को योग और सरल व्यायामों के माध्यम से रीढ़ को मजबूत रखने और दैनिक जीवन में स्पाइन से जुड़ी समस्याओं से बचाव के उपाय सिखाए गए।

इस सत्र में कुल 95 प्रतिभागियों, जिनमें 75 डॉक्टर शामिल थे, ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का समापन रीढ़ की मजबूती और समग्र स्वास्थ्य पर केंद्रित योग सत्र के साथ हुआ।

# जुआरियों के अड्डों पर छापेमारी, 12 से अधिक गिरफ्तार



**हल्द्वानी, एजेंसी।** नैनीताल के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रहलाद मीणा के कड़े निर्देशों असर दिखने लगा है। पुलिस ने जुए के अड्डे पर सर्जिकल स्ट्राइक कर 12 जुआरियों को गिरफ्तार कर छह लाख.67 हजार रुपए से अधिक की नगदी बरामद की है। इसमें कालाढूंगी पुलिस ने जंगल से लेकर बाजार तक जुआ खेलने वालों पर दबिश दी। पांच जुआरियों को गिरफ्तार कर 52 ताश पत्तों के साथ पांच लाख.66 हजार रुपए नकद बरामद किए। एसओजी और लालकुआं पुलिस ने जुए के अड्डे में छापा मारकर सात लोगों को गिरफ्तार किया। इनके पास से एक लाख रुपए से अधिक बरामद किया।

कालाढूंगी पुलिस ने जंगल से लेकर बाजार तक जुआ खेलने वालों पर दबिश दी। पांच जुआरियों को गिरफ्तार कर 52 ताश पत्तों के साथ पांच लाख 66 हजार रुपए नकद बरामद किए। एसओजी और लालकुआं पुलिस ने जुए के अड्डे में छापा मारकर सात लोगों को गिरफ्तार किया। इनके पास से एक लाख रुपए से अधिक का कैश बरामद किया।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रहलाद नारायण मीणा द्वारा दीपावली पर्व के अवसर पर अपराधिक गतिविधियों अराजकता, अवैध नशे के कारोबार व सर्वजनिक स्थानों पर हार-जीत की बाजी लगाकर जुआ खेलने- खिलवाने वाले लोगों व जुए के अड्डों पर पैनी नजर रखते हुए छापेमारी कर कड़ी करवाई किए जाने हेतु सभी थाना, चौकी प्रभारियों, एसओजी को कड़े निर्देश दिए गए हैं। निर्देशों के अनुपालन में प्रकाश चंद्र एसपी सिटी, श्रीमती दीपशिखा सीओ लालकुआ, सुमित पांडेय सीओ रामनगर के पर्यवेक्षण* में कालाढूंगी पुलिस एवम एसओजी व लालकुआ पुलिस को 02 अलग अलग मामले में बड़ी सफलता मिली है। प्रभारी निरीक्षक कालाढूंगी अरुण कुमार सैनी के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा कोटाबाग क्षेत्र के जंगल में दबिश दी गई, अभियुक्तगण हार-जीत की बाजी लगाकर जुआ खेल रहे थे। मौके से जुआ सामग्री एवं नकदी बरामद कर पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया, जबकि अन्य फरार हो गए।

## पति की डाट से नाराज पत्नी ने फांसी लगा की खुदकुशी

**बांदा एजेंसी।** पति की डाट से नाराज युवती ने कमरे के अंदर छप्पर की धन्नी में साड़ी से फांसी लगाकर खुदकुशी कर लिया। मौत की खबर मिलते की घरवालो में चीख पुकार मच गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

देहात कोतवाली क्षेत्र के महोखर गांव के नई दुनिया मोहल्ला निवासी 40वर्षीय सूरजकली पत्नी किशन पाल ने सोमवार की रात कमरे के अंदर छप्पर की धन्नी में साड़ी से फांसी लगाकर खुदकुशी कर लिया। रात को पति की नीद खुली देखा तो पत्नी चारपाई पर नही मिली। कमरे के अंदर झाक कर देखा तो सूरजकली फंदे पर लट करी थी। शव देखते ही वह चीख पड़ा। शोर सुनकर आस पास के लोग मौके पर पहुंच गए। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए लिए भेज दिया। मृतका के पति ने बताया कि सोमवार की रात खाना खाने के बाद वह लोगो लेटने की तैयारी कर रहे थे। तभी दो मेहमान पहुंच गए। किशन पाल ने सूरजकली से खाना बनाने के लिए कहा इस पर सूरज कली ने खाना बनाने से मना कर दिया। कुछ देर रूकने के बाद मेहमान घर से वापस चले गए। मेहमानो के जाने के बाद किशन पाल ने सूरज कली को डाट दिया। इसी से नाराज होकर उसने यह घटना अंजाम दी।मृतका अपने पीछे दो पुत्र छोड़ गई है।

## वृद्ध महिला के गले से सोने की चेन छिनतई



**सिलीगुड़ी, एजेंसी ।** नक्सलबाड़ी के दक्षिण दयाराम इलाके में एक वृद्ध महिला के गले से सोने की चेन छिनतई की घटना से हड़कंप मच गया। वृद्ध महिला का नाम विशाखा राय है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, विशाखा राय अपने घर जा रही थी। उसी समय पीछे से एक बाइक पर सवार दो बदमाश आए और उनकी सोने की चेन छीनकर फरार हो गए। घटना के बाद महिला शोर मचाते हुए छिनतई बाज के पीछे दौड़ी लेकिन तब तक वे निकल चुके थे। पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है।बताया जा रहा है कि वृद्ध महिला के गले में ढाई लाख रुपये की सोने की चेन थी। सूचना मिलने पर नक्सलबाड़ी थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस को शक है कि बदमाशों ने रेकी कर घटना को अंजाम दिया है। घटना के बाद से इलाके में हड़कंप मचा हुआ है। पुलिस ने पूरी घटना की जांच शुरू कर दी है।

## रेलिंग तोड़कर मालवाहक डंपर लटका



**जलपाईगुड़ी, एजेंसी ।** एक मालवाहक डंपर अनियंत्रित होकर रेलिंग तोड़कर लटक गया। घटना में चालक बाल-बाल बच गए। घटना को लेकर पूरे इलाके में दहशत फैल गई। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, बुधवार को मालवाहक डंपर चालसा से मालबाजार राष्ट्रीय राजमार्ग पर जा रहा था। तभी तेज़ रफ्तार डंपर अनियंत्रित होकर कुर्ती पुल की रेलिंग तोड़कर नीचे लटक गया। इसी हालत में डंपर काफी देर तक पुल के नीचे लटका रहा। इस बीच खबर लगते ही इलाके में भारी भीड़ जमा हो गई। बाद में बड़ी मुश्किल से चालक को बाहर निकाला गया। हालांकि घटना में चालक बाल-बाल बच गया। खबर मिलने पर मेटेली थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। बाद में काफी मशक्कत के बाद डंपर को अपने कब्जे में लिया। मटियाली पंचायत समिति के सदस्य अर्जुन मिझार ने बताया कि रात में राष्ट्रीय राजमार्ग पर डंपर अक्सर तेज गति से चलते है। जिससे अक्सर घटना होती रहती है। प्रशासन से इस संबंध में कार्रवाई की मांग की गई, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई है।

## नहर पटरी क्षेत्र में मिला हाथी का शव



**हरिद्वार, एजेंसी ।** हरिद्वार वन रेंज के बहादराबाद बीट क्षेत्र में बुधवार की सुबह एक नर हाथी की कावड़ पटरी के पास शव मिली। जानकारी के अनुसार वन विभाग की टीम जब नियमित गश्त पर थी, तभी उन्हें आज सुबह सड़क किनारे हाथी का शव पड़ा मिला। टीम ने तुरंत इसकी सूचना अधिकारियों को दी। मौके पर पहुंचे रेंजर, एसडीओ व अन्य अधिकारियों ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और हाथी का पोस्टमार्टम कराया। वन विभाग के अनुसार मृत हाथी के दोनों दांत सुरक्षित पाए गए हैं, जिससे शिकार की आशंका नहीं है। प्राथमिक जांच में हाथी की मौत का कारण बिजली का करंट लगने से माना जा रहा हैं। बताया जा रहा है कि इलाके में बाड़ बंदी के लिए डाले गए तारों में करंट आने से उसमें फंसकर हाथी की जान गई। वन विभाग अधिकारियों ने मामले की जांच के आदेश दिए हैं।

## युवक ने बबूल के पेड़ पर फांसी लगा की खुदकुशी

**बांदा, एजेंसी।**दस दिन पहले परदेश से कमा कर घर लौटे युवक ने खेत में लगे बबूल के पेड़ पर रस्सी से फांसी लगाकर खुदकुशी कर लिया। मौत की खबर मिलते ही घरवालो में चीख पुकार मच गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बिसंडा थाना क्षेत्र के पवई गांव निवासी 20वर्षीय गरीब दास पुत्र इंद्रपाल सोमवार की शाम घर से कुछ दूर पर लगे बबूल के पेड़ पर रस्सी से फांसी लगाकर खुदकुशी कर लिया। मंगलवार की सुबह खेत पहुंचे गग्रमीणो ने शव फंदे पर लटकता देखा तो परिजनो को सूचना दी। सूचना पाकर परिजन मौके पर पहुंच गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मतक के पिता ने बताया कि गरीब दास तीन भाईयो में छोटा था। वह दस दिन पहले वापी से कमाकर घर आया था। घटना का कारण अज्ञात है।

## मामूली विवाद में दपंति को पीटा

**बांदा, एजेंसी।** मामूली बात को लेकर हुए विवाद में एक युवक ने दंपति को लात घूसो से पीटे बे दम कर दिया। शोर गुल सुनकर आस के लोग मौके पर पहुंच गए। हमलावर मौके से फरार हो गया। घायलो को जिला अस्तपाल में भर्ती कराया गया। छतपुर जिला के सरबई गांव निवासी 25वर्षीय शोभित माली पुत्र छग्गा माली अपनी 19वर्षीय पत्नी खुशी के साथ बांदा शहर में रह कर बारी गिरी का काम करता है। वह सोमवार की रात रेलवे स्टेशन के माल गोदाम के पास बैठा था। तभी एक युवक नजदीक खड़ी महिला को गाली गलौज करने लगा। शोभित ने मना किया। इसी बात को लेकर उसका युवक से विवाद दो गया। युवक ने शोभित और उसकी पत्नी खुशी को मारपीट कर घायल कर दिया।

## एसपी ने भ्रमण कर लिया दीपावली मेले की तैयारियों का जायजा

**चित्रकूट ,एजेंसी।** दीपावली मेला की तैयारियों को लेकर मंगलवार को पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने मेला क्षेत्र के रामघाट, परिक्रमा मार्ग आदि में भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। साथ ही सम्बन्धितों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। मेला क्षेत्र के निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक ने रामघाट, परिक्रमा मार्ग सहित अन्य प्रमुख स्थलों का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए एसपी ने मेला क्षेत्र में प्रकाश, स्पीकर, सीसीटीवी कैमरा, कंट्रोल रूम, खोया पाया केंद्र आदि तैयार करने के साथ मंदाकिनी नदी में बैरिकेटिंग, नाव व गोताखोरों की तैनाती, साफ-सफाई व ड्यूटि प्वाइंट चिन्हित कर सम्बन्धितों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस मौके पर क्षेत्राधिकारी नगर अरविन्द कुमार वर्मा, चौकी प्रभारी परिक्रमा मार्ग रमेश सिंह यादव, पीआरओ प्रवीण कुमार सिंह आदि मौजूद रहे।

## पत्नी की हत्या के बाद पति ने थाने में किया आत्मसमर्पण




**दक्षिण 24 परगना, एजेंसी।** वैवाहिक कलह के चलते एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी की गला दबाकर हत्या कर दी और फिर थाने में आत्मसमर्पण कर दिया। यह घटना डायमंड हार्बर थाने के अंतर्गत नेतरा दक्षिण शेवुड़दा बांकीमोड़ गांव की है। पुलिस ने आरोपित पति को गिरफ्तार कर लिया है। मृत महिला की पहचान ताजलिमा बीबी (20) के रूप में हुई है। कुछ वर्ष पहले हाटुगंज निवासी ताजलिमा की शादी नेतरा दक्षिण शेवुड़दा गांव के निवासी साबिर मोल्ला से हुई थी। दंपति की एक चार साल की बेटी भी है। साबिर पेशे से दर्जी है और घर पर ही सिलाई का काम करता था। पड़ोसियों के अनुसार, पति-पत्नी के बीच लंबे समय से विवाद चल रहा था। झगड़े बढ़ने पर ताजलिमा अपने मायके चली गई थीं, लेकिन बाद में पति उन्हें वापस घर ले आया। लौटने के बाद भी उस पर अत्याचार करने का आरोप है।बुधवार को साबिर अपनी बेटी को स्कूल से लाकर ससुराल में छोड़ आया। उसी रात दंपति के बीच फिर से झगड़ा हुआ। आरोप है कि गुस्से में आकर साबिर ने पत्नी की पहले पिटाई की, फिर गला दबाकर उसकी हत्या कर दी। गुरुवार को पुलिस ने बताया कि हत्या के बाद साबिर ने थाने पहुंचकर आत्मसमर्पण किया और पुलिस को बताया कि उसने अपनी पत्नी की हत्या कर दी है और शव को घर में छोड़कर आया है। उसने घर की चाबी भी पुलिस अधिकारियों को सौंप दी। इसके बाद पुलिस टीम उसके घर पहुंची। गेट का ताला खोलते ही ताजलिमा का शव बरामद हुआ। शरीर पर कई चोटों के निशान पाए गए। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस के प्रारंभिक अनुमान के अनुसार, साबिर ने पत्नी की पिटाई करने के बाद गला दबाकर हत्या की है। फिलहाल पुलिस आरोपित से पूछताछ कर रही है।

# शाहपुर में दो नशा तस्कर 50 ग्राम चिट्टा और नकदी के साथ गिरफ्तार



**धर्मशाला,एजेंसी।** जिला कांगड़ा पुलिस द्वारा नशे के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के अन्तर्गत बीती मध्य रात्रि जिला कांगड़ा पुलिस की विशेष टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर बोलैरो कैम्पर नम्बर HP-53-9810 से 50 ग्राम चिट्टा सहित 34 हजार नकदी भी बरामद की है। पुलिस ने इस मामले में गाड़ी में सवार दो नशा तस्करों को गिरफ्तार कर आगामी कार्यवाही की है। पुलिस ने इस मामले में रामदास उर्फ रामु पुत्र श्याम लाल निवासी वार्ड नम्बर-10, गांव, डाकघर व तहसील बैजनाथ जिला कांगड़ा उम्र 36 साल व राकेश उर्फ सोनू पुत्र स्व सुरेश राणा निवासी गांव खलेट डाकघर ठाकुरद्वारा तहसील पालमपुर जिला कांगड़ा उम्र 37 साल को गिरफ्तार कर एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है। एसपी कांगड़ा अशोक रत्न ने बताया कि दोनों आरोपियों के कब्जे से 50 ग्राम चिट्टा बरामद के साथ ही 34 हजार रूपये की नकदी भी बरामद की है। दोनों आरोपितों को पुलिस द्वारा गिरफ़्तार कर इनके विरुद्ध मादक पदार्थ अधिनियम के अंतर्गत मामला दर्ज किया गया है।

उन्होंने बताया कि उपरोक्त आरोपी काफी लम्बे समय से नशे के अवैध धन्धे में सक्रिय थे तथा लगातार पुलिस के निशाने पर थे। बीती मध्य रात्रि को जब ये दोनों बोलैरो कैम्पर गाड़ी में चिट्टा/हैरोईन की खेप लेकर आ रहे थे तो जिला कांगड़ा पुलिस की विशेष टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर शाहपुर के समीप सारनू में तत्परता से कार्यवाही करते हुए उपरोक्त आरोपियों को 50 ग्राम धर दबोचा।

## मिशन शक्ति गुड टच व बैड टच की दी गई

### थाना पैलानी पुलिस द्वारा किया गया आयोजन

**बांदा,एजेंसी।** महिला सुरक्षा एवं सशक्तीकरण हेतु चलाए जा रहे मिशन शक्ति 5.0 अभियान के क्रम में पुलिस अधीक्षक बांदा पलाश बंसल के निर्देशन में आज थाना पैलानी की मिशन शक्ति टीम द्वारा प्राथमिक विद्यालय कुकुवाखास में जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया । कार्यक्रम में बच्चों को लघु फिल्में दिखाकर को सरल तरीके से गुड टच और बैड टच के बीच का अंतर स्पष्ट रूप से समझाया गया । उन्हे बाल यौन शोषण, पॉक्सो एक्ट और बच्चों से जुड़े अन्य अपराधों की पहचान, उनसे सुरक्षा के उपाय, एवं उनके विरुद्ध कानूनी प्रावधानों की विस्तृत जानकारी दी गई । इसके अतिरिक्त बाल यौन शोषण, बाल मजदूरी, चाइल्ड ट्रैफिकिंग, साइबर अपराध, और अन्य बाल अपराधों के विषय में भी बच्चों को अवगत कराया गया । मिशन शक्ति टीम ने बच्चों को 1098 (चाइल्डलाइन हेल्प नंबर) एवं 112 (पुलिस आपातकालीन सेवा) के बारे में भी जानकारी दी, ताकि आवश्यकता पड़ने पर वे सहायता प्राप्त कर सकें । उन्हें यह विश्वास दिलाया कि वे कभी भी किसी असामान्य या असहज स्थिति का सामना करें, तो निडर होकर अपने माता-पिता, शिक्षकों या नजदीकी पुलिस अधिकारी को बताएं । कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चियों में आत्मविश्वास बढ़ाना, उन्हें संवेदनशील विषयों पर खुलकर बात करने के लिए प्रेरित करना तथा एक सुरक्षित एवं सशक्त वातावरण का निर्माण करना था । एकत्रित महिलाओं से संवाद करते हुए उन्हे शासन द्वारा उनकी सुरक्षा एवं सशक्तीकरण हेतु चलाई जा रही

# VIP चौक में आरक्षक को कार ने कुचला, चेकिंग से बचने युवक ने स्पीड से दौड़ाई गाड़ी

राष्ट्र संवाद ब्यूरो
कमाल अहमद



**रायपुरः-** राजधानी रायपुर में नशे के खिलाफ चल रहे पुलिस अभियान के दौरान एक गंभीर लापरवाही और हादसे की घटना सामने आई है। यह मामला तेलीबांधा थाना क्षेत्र का है, जहां बुधवार देर रात रायपुर पुलिस द्वारा रोजाना की तरह नशे के विरुद्ध चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था। उसी दौरान एक बलेनो कार (क्रमांक CG 04 ML 8357) चेकिंग पॉइंट को तोड़ते हुए तेज रफ्तार में भागने लगी। कार में सवार सिद्धांत दान और आदित्य चौधरी नाम के दो युवक पुलिस की कार्रवाई से बचने के लिए लापरवाहीपूर्वक वाहन दौड़ाने लगे। जानकारी के अनुसार, पुलिस की टीम ने जैसे ही कार को रोकने का प्रयास किया, चालक ने वाहन की गति और बढ़ा दी। इसी बीच वाहन पर नियंत्रण खो बैठा और बेकाबू कार ने यातायात आरक्षक हेम कुमार पटेल को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में आरक्षक गंभीर रूप से घायल हो गए और उन्हें तत्काल इलाज के लिए एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। चिकित्सकों के मुताबिक, उनके दाहिने पैर की हड्डी पूरी तरह से टूट गई है और फिलहाल उनका उपचार जारी है। घटना की सूचना मिलते ही यातायात अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रशांत शुक्ला स्वयं मौके पर पहुंचे और हालात का जायजा लिया। उन्होंने बताया कि रायपुर पुलिस द्वारा नशे और असामाजिक गतिविधियों के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में तेलीबांधा क्षेत्र में चेकिंग की जा रही थी, तभी इन दोनों युवकों ने नियमों का उल्लंघन करते हुए पुलिस चेकिंग पॉइंट को तोड़ दिया।

## कृषि यंत्रों के लिए किसान भाई करें आवेदन

**ललितपुर।** उप कृषि निदेशक ने किसानों को अवगत कराया है कि वर्ष 2025-26 में कृषि विभाग द्वारा संचालित सब मिशन ऑन एग्रीकल्वरल मैकेनाईजेशन योजनान्तर्गत कस्टम हायरिंग सेंटर, कृषि ड्रोन एवं अन्य एकल यंत्र तथा प्रमोशन ऑफ एग्रीकल्वरल मैकेनाईजेशन फॉर इन सीटू मैनेजमेन्ट ऑफ क्रॉप रेजिड्यू योजना के अन्तर्गत फसल अवशेष प्रबन्धन के एकल कृषि यंत्र एवं विभागीय अन्य योजनाओं के कृषि यंत्र, कृषि रक्षा उपकरण इत्यादि पर अनुदान प्राप्त करने हेतु ऑनलाइन बुकिंग 15 अक्टूबर 2025 को पूर्वान्ह 11 बजे से प्रारम्भ होगी, जो 29 अक्टूबर 2025 को रात्रि 12 बजे तक (कट ऑफ डेट) तक की जायेगी। बुकिंग हेतु विभागीय पोर्टल पर किसान कॉर्नर के अन्तर्गत यंत्र बुकिंग प्रारंभ पर क्लिक कर ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है। यंत्रों का विवरण, यंत्र बुकिंग एवं अनुदान प्रक्रिया से सम्बन्धित विस्तृत जानकारी विभागीय पोर्टल पर उपलब्ध है। आवेदक द्वारा एक मोबाइल नम्बर अथवा अपने परिवार के ब्लड रिलेशन सदस्य (माता, पिता, भाई, बहन. पुत्र. पुत्री एवं पुत्र वधु) से ही टोकन प्राप्त किया जा सकेगा। दस हजार से एक लाख तक अनुदान के कृषि यंत्रों के लिए जमानत राशि ढ़ाई हजार रुपये होगी। 1 लाख से अधिक अनुदान के कृषि यंत्रों के लिए जमानत राशि पांच हजार रुपये होगी।

## शराब पार्टी में हंगामा ,ई-रिक्शा चालक की हत्या

**सोनीपत,एजेंसी।** सोनीपत में बुधवार की रात शराब पार्टी के दौरान हुई कहासुनी ने हिंसक रूप ले लिया। आपसी विवाद में ई-रिक्शा चालक की बेरहमी से पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। वारदात के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। गंभीर रूप से घायल युवक को सिविल अस्पताल से रोहतक पीजीआई रेफर किया गया, जहां उपचार के दौरान उसने दम तोड़ दिया। सेक्टर-27 थाना पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा और आरोपियों की तलाश में छापेमारी शुरू कर दी है। पुलिस ने बताया कि मामले की जांच गंभीरता से की जा रही है। गांव देवडू निवासी सुरेश ने बताया कि बुधवार शाम उसका भाई राजेंद्र ऋषिकुल स्कूल के पास गांव के ही कुछ लोगों के बुलावे पर गया था। वहां सभी ने बैठकर शराब पी। इस दौरान किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई, जो देखते ही देखते झगड़े में बदल गई। सुरेश के अनुसार, गांव के साजा, राजेंद्र, महेंद्र और ब्याज पर पैसे देने वाले कप्तान ने मिलकर राजेंद्र पर हमला किया और तेजधार हथियार से वार किए। घायल राजेंद्र को तुरंत सिविल अस्पताल पहुंचाया गया, जहां से चिकित्सकों ने उसे रोहतक पीजीआई रेफर किया। इलाज के दौरान गुरुवार को उसने दम तोड़ दिया। पुलिस ने शव का पोस्टमॉर्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया है।

## 4 लाख 30 हजार रुपए व दो अवैध वाईक के साथ पांच साइबर अपराधी गिरफ्तार




**नवादा ,एजेंसी।** जिले के वारिसलीगंज थाना क्षेत्र में अबतक सैकड़ों साइबर ठगों की गिरफ्तारी व पुलिसिया कारवाई के बावजूद इलाके के विभिन्न गांवों में ठगी का मामला जोरों पर है। इसी कड़ी के तहत नवादा पुलिस अधीक्षक अभिनव धीमान के निर्देश पर गुरुवार को थाना क्षेत्र अंतर्गत चैनपुरा गांव स्थित बधार एवं अडानी सीमेंट फैक्ट्री के दक्षिण परती जमीन के पास से छापेमारी कर पुलिस ने पांच युवकों को ठगी करते गिरफ्तार किया है। थाना परिसर में आयोजित पत्रकार वार्ता में पकरीबरावां एसडीपीओ राकेश कुमार भास्कर ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर की गई कार्रवाई में छापेमारी दल का गठन किया गया। जिसके बाद एसडीपीओ के नेतृत्व में निर्माणाधीन अडानी सीमेंट फैक्ट्री के पीछे साइबर ठगी करते पांच साइबर अपराधी को गिरफ्तार किया गया। जिसमें थाना क्षेत्र अंतर्गत मसुदा गांव निवासी स्वर्गीय महेन्द्र गुप्ता के पुत्र चंदन कुमार,मनोज यादव के पुत्र नीतीश कुमार व ग्लास साह के पुत्र मोहम्मद तबरेज आलम,दोसुत पंचायत स्थित बेल्ढा गांव निवासी बिनोद मंडल के पुत्र श्रीकांत कुमार एवं पकरीबरामां निवासी शमीम साह के पुत्र मोहम्मद हसनैन साह को महिन्द्रा,धनी फाइनेंस व अन्य कंपनियों के नाम पर लोन दिलाने को लेकर ग्राहकों से ठगी करते गिरफ्तार किया गया।

उन्होंने बताया कि गिरफ्तार युवक ठगी करने में इतने मशगुल थे कि सामान्य कपड़ों से लवरेज रहे पुलिस कर्मियों की भनक इन युवकों ने नहीं भांप पाया और मौके से ही गिरफ्तार किये गये। गिरफ्तारी स्थल से 4 लाख 50 हजार रुपए नगदी,04 एन्ड्राइड मोवाइल,उड़ीसा, मध्य प्रदेश व गुजरात राज्य का 15 फर्जी सिम तथा दो मोटरसाइकिल बरामद किया गया। गिरफ्तार किए गए सभी युवकों ने ठगी धंधे में अपनी संलिप्तता स्वीकार की है। प्रेसवार्ता के दौरान पकरीबरामां एसडीपीओ राकेश कुमार भास्कर, थानाध्यक्ष पंकजकुमार सैनी सहित अन्य लोग मौजूद थे.वहीं छापेमारी दल में अन्य पुलिस पदाधिकारियों के अलावा सीआरपीएफ बटालियन के जवान भी शामिल थे।

## स्कूल में आयोजित किया गया कैरियर मेला

**कुरारा,हमीरपुर ,एजेंसी।** कस्बा स्थित प दीनदयाल उपाध्याय मॉडल राजकीय इंटर कालेज में समग्र शिक्षा अभियान के तहत कैरियर मेला का आयोजन किया गया । उद्घाटन चेयरमैन द्वारा किया गया। कस्बे के पंडित दीनदयाल उपाध्याय राजकीय मॉडल इंटर कालेज में समग्र शिक्षा अभियान के तहत कैरियर मेले का आयोजन किया गया। चेयरमैन आशारानी कबीर ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण किया। उन्होंने बच्चो को मन लगाकर शिक्षा लेने की बात कही। तथा अपना कैरियर बनाने को प्रेरित किया। खंड विकास अधिकारी शिवनारायण कश्यप ने बच्चों को एक दिशा में मन से कार्य करके आगे बढ़ा जा सकता है। तथा बच्चों को शिक्षित होकर आगे बढ़ने को प्रेरित किया। कृषि विज्ञान केंद्र के एस पी एस सोमवंशी ने छात्रों को अपने कैरियर के प्रति संजीदा होकर कार्य करने को प्रेरित किया तथा पढाई के दौरान ही अपना क्षेत्र चयन के लिए प्रेरित किया। राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज के प्रधानाचार्य पवनकुमार ने मिसाइल में पूर्व राष्ट्रपति ए पी के अब्दुल कलाम के संबंध में जानकारी दी। तथा फर्श से लेकर अर्श तक पहुंचने के संघर्ष की जानकारी बच्चो को दी।

प्रवक्ता शिवसागर ने बच्चो को अपना कैरियर का चुनाव अपने विवेक से चुनने के लिए जानकारी दी। तथा कैरियर काउंसिलिंग की विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम का शुभारंभ होने पर विद्यालय की छात्रा कोमल व प्राची ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया। तथा काजल व शिल्पी द्वारा स्वागत नृत्य प्रस्तुत किया गया। तथा विद्यालय के हिंदी प्रवक्ता कृपानिधि दुबे द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। कैरियर गाइड्स क्लब के अध्यक्ष तथा विद्यालय के प्रधानाचार्य हरिश्चंद्र ओझा द्वारा सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त किया गया।

# नामांकन को लेकर तेघड़ा में दिन भर रही गहमागहमी








बेगूसराय /राष्ट्र संवाद ब्यूरो

**एनडीए एवं इंडिया महागठबंधन के उम्मीदवार के अलावे कई उम्मीदवारों ने दाखिल किया अपना नामांकन पत्र**

बिहार विधानसभा आम निर्वाचन 2025 के तहत बेगूसराय जिले के सात विधानसभा क्षेत्रों में नामांकन प्रक्रिया 10 अक्टूबर से शुरू है। नामांकन के छठे दिन गुरुवार को 143 विधानसभा तेघड़ा और 142 विधानसभा बछवाड़ा क्षेत्रों से अनुमंडल कार्यालय एवं प्रांगण में प्रशासनिक चाक चौबंद व्यवस्था के बीच नामांकन के लिए आए समर्थकों के साथ एनडीए एवं इंडिया महागठबंधन के प्रत्याशियों के अलावे कई प्रत्याशियों ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। तेघड़ा विधानसभा क्षेत्र से निवर्तमान विधायक राम रतन सिंह ने महागठबंधन से भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के चुनाव चिन्ह पर गुरुवार को नामांकन दाखिल किया। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी अंचल कार्यालय तेघड़ा से शहीदों के तस्वीर पर माल्यार्पण करके समर्थकों के साथ निकले अनुमंडल कार्यालय में पहुंचकर अपना नामांकन दाखिल किया। वही बछवाड़ा विधानसभा से भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के उम्मीदवार अवधेश कुमार राय ने भी निर्वाचन पदाधिकारी सह डीसीएलआर के समक्ष नामांकन का पर्चा दाखिल किया। नामांकन के बाद बाहर निकलने पर समर्थकों ने महागठबंधन के प्रत्याशी को फूल माला से स्वागत किया। बाद में पत्रकारों से बात करते हुए राम रतन सिंह ने कहा कि वे पूरे 5 साल तक जनता की सुख-दुख के भागीदार रहे हैं और फिर आगे 5 साल के लिए आशीर्वाद मांगने आए हैं। वहीं तेघड़ा विधानसभा से एनडीए की ओर से भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी सह पूर्व विधान परिषद रजनीश कुमार , एवं बछवाड़ा विधानसभा क्षेत्र से एनडीए के भाजपा प्रत्याशी सह बिहार सरकार के खेल मंत्री सुरेंद्र मेहता के यात्रा के दौरान बड़ी संख्या में उनके समर्थक और पार्टी कार्यकर्ता भी मौजूद थे। नामांकन के दौरान एनडीए के दोनों प्रत्याशी के साथ बेगूसराय सांसद सह केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह , बेगूसराय विधानसभा भाजपा के प्रत्याशी कुंदन कुमार भी मौजूद थे दोनों प्रत्याशी ने अपने-अपने निर्वाचन पदाधिकारी के समक्ष अपना - अपना नाम निर्देशन का पर्चा दाखिल किया। नामांकन के बाद बाहर निकलने पर समर्थकों ने जनतांत्रिक गठबंधन के दोनों प्रत्याशी को फूल माला से लाघ दिया और प्रत्याशियों का स्वागत करते हुए नरेंद्र मोदी जिंदाबाद, नीतीश कुमार जिंदाबाद, रजनीश कुमार जिंदाबाद की नारे लगाएं । केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि एनडीए गठबंधन डबल इंजन की सरकार में माननीय मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार आज विकसित बिहार के पथ पर अग्रसर है। इस बार भी तेघड़ा विधानसभा सहित सातों विधानसभा सीट पर एनडीए की जीत होगी और फिर से नीतीश कुमार के नेतृत्व में एनडीए की सरकार बनेगी।

प्रत्याशी रजनीश कुमार एवं सुरेंद्र मेहता ने कहा कि विधानसभा क्षेत्र का चौमुखी विकास मेरी प्रथम प्राथमिकता होगी। वहीं बछवारा विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस के उम्मीदवार शिव प्रकाश गरीबदास ने पार्टी कार्यकताओं एवं समर्थकों के सात अनुमंडल कार्यालय पहुंचकर अपना नामांकन दाखिल किया। नामांकन दाखिला के बाद उन्होंने बताया कि बछवाड़ा की जनता का आशीर्वाद मेरे साथ है। बछवाड़ा विधानसभा क्षेत्र की जनता को मैं नेता नहीं बेटा बनकर सेवा करूंगा। वही

रजनशक्ति जनता दल पार्टी के उम्मीदवार के रूप में वायु सेवा से अवकाश प्राप्त अधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह आनंद जी ने बड़ी संख्या में समर्थकों के साथ अनुमंडल कार्यालय पहुंचकर अपना नामांकन दाखिल किया, जन सुराज पार्टी के उम्मीदवार इंजीनियर राम नंदन सिंह ने भी अपने समर्थकों के साथ अनुमंडल कार्यालय पहुंचकर निर्वाचित पदाधिकारी के समक्ष नामांकन दाखिल किया । उनके समर्थ का कहना था कि रामनंदन सिंह स्थानीय मुद्दों और जनता की समस्याओं के प्रति संवेदनशील है।

# जब-जब पापियों का अत्याचार बड़ा तब तक शक्ति स्वरूपा मां काली का सदार्पण हुआ

राष्ट्र संवाद संवाददाता



**बीहट /बेगूसराय** जो काल के अतीत है वही काली है। सिमरियाधाम के सिद्धाश्रम ज्ञान मंच से कार्तिक महात्म और श्रीमद्भागवत पर प्रकाश डालते हुए परम पूज्य स्वामी चिदात्मन जी महाराज ने बताया कि जब-जब पृथ्वी पर पापियों और अत्याचारियों का भार हुआ है तब-तब पृथ्वी पर पाप के भार को हरने के लिए साक्षात शक्ति स्वरूपा मां काली का पदार्पण हुआ है। उन्होंने कहा है जब हम धर्म के मार्ग पर चलते हैं शत मार्ग पर चलते हैं तो भगवान हमारी सब प्रकार से रक्षा करते हैं । कहा गया है कि जो काल से अतीत है वही काली है। जिसकी कभी मृत्यु नहीं होती वही काल से अतीत है। प्रकृति स्वतंत्र है और प्रकृति के अनुसार हम सब का इस धरा धाम पर लीला चलता रहता है। जब तक हम लोग पूर्णता की प्राप्ति नहीं करते तब तक पृथ्वी लोक पर पुनः आवागमन का चक्कर लगा ही रहता है । उस गुनातीत को प्राप्त करने के लिए उसे तत्व अतीत को प्राप्त करने के लिए जब तक हम संयम से अपने आप में धर्म का कर्म का पालन नहीं करते तब तक हमको सुख और वैभव की प्राप्ति नहीं हो सकती है। कितना भी बड़ा पात्र हो अगर उसमें जरा सा भी छिद्र हो तो उसका जल धीरे-धीरे व्यर्थ हो जाता है।उन्होंने कहा कि संस्कार से गर्भ की शुद्धि होती है। समय से जल की शुद्धि होती है। और समय से ही अशुद्ध भूमि की भी शुद्ध होती है। सनातन धर्म में सोलह संस्कार की प्रधानता है जो भारत में जन्म लिए हैं वह दान धर्म के महत्व को समझते हैं । तपस्या करने से इंद्रियों की भी शुद्धि होती है । यज्ञ करने से सारे मनोरथ की सिद्धि होती है । दान देने से धन की शुद्धि होती है और मन की शुद्धि संतोष से होता है।आत्मा की शुद्धि आत्मज्ञान से,और जप करने से जाप की सिद्धि होती है। मौके पर रविन्द्र ब्रह्मचारी, मीडिया प्रभारी नीलमणि,नवीन सिंह,संतोष झा,कृष्ण झा,जियाउल,राजीव सिंह,गोपाल झा, आदि उपस्थित थे।

# चेरिया बरियारपुर में नामांकन के दौरान दिखा चुनावी जोश, डॉ. मृत्युंजय कुमार और अभिषेक आनंद ने भरा पर्चा – समर्थकों में जबरदस्त उत्साह

राष्ट्र संवाद संवाददाता



**खुदाबांदपुर /बेगूसराय।** आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर गुरुबार को चेरिया बरियारपुर में नामांकन का माहौल बेहद उत्साहपूर्ण रहा। जन सुराज पार्टी के प्रत्याशी डॉ. मृत्युंजय कुमार ने समर्थकों की भारी भीड़ के बीच अपना नामांकन दाखिल किया। नामांकन के समय अनुमंडल मुख्यालय परिसर में समर्थकों ने फूल-मालाओं से उनका गर्मजोशी से स्वागत किया और डॉ. मृत्युंजय के समर्थन में ‍जन सुराज जिंदाबाद‍ और ‍मृत्युंजय कुमार विजयी हो‍ जैसे नारे लगाए। नामांकन के बाद जन सुराज प्रत्याशी डॉ. मृत्युंजय कुमार ने मीडिया से बातचीत में कहा कि ‍जनता ने अगर हमें अवसर दिया, तो हम अपने वादों पर पूरी ईमानदारी से खरे उतरेंगे। क्षेत्र में शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और विकास को नई दिशा देना हमारी पहली प्राथमिकता होगी।‍ उन्होंने कहा कि जन सुराज की सोच साफ है – राजनीति को सेवा का माध्यम बनाना, और यही भावना लेकर वे चुनावी मैदान में उतरे हैं। उधर, जदयू की पूर्व मंत्री मंजू वर्मा के पुत्र अभिषेक आनंद उर्फ न्यूटन ने भी गुरुवार को अपना नामांकन दाखिल किया।

अभिषेक आनंद के समर्थन में भी बड़ी संख्या में जदयू कार्यकर्ता और समर्थक पहुंचे। नामांकन के दौरान उत्साह और जोश का माहौल देखने लायक था। समर्थकों ने नारे लगाते हुए कहा कि ‍इस बार हमारे विधायक अभिषेक आनंद ही होंगे।‍ नामांकन के मद्देनजर प्रशासन पूरी तरह चौकस दिखा। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस बल की तैनाती की गई थी। पूरे प्रक्रिया के दौरान शांति और अनुशासन बनाए रखने के लिए मजिस्ट्रेट के नेतृत्व में पुलिस अधिकारियों ने कड़ी निगरानी रखी। कुल मिलाकर, गुरुवार को चेरिया बरियारपुर में दोनों प्रमुख उम्मीदवारों के नामांकन से चुनावी माहौल पूरी तरह गरम हो गया है। समर्थकों के जोश और उत्साह से यह साफ संकेत मिल रहा है कि आगामी दिनों में चेरिया बरियारपुर की सियासत और भी रोचक मोड़ ले सकती है।

# 251 कुण्डीय शक्ति संबर्धन गायत्री महायज्ञ को लेकर चलाया गया जागरूकता अभियान

राष्ट्र संवाद संवाददाता
राजेश कुमार

**खोदावंदपुर/बेगूसराय।** अखिल विश्व गायत्री परिवार, बेगूसराय द्वारा आगामी 4 से 7 दिसंबर 2025 तक होने वाले 251 कुण्डीय शक्ति संवर्धन गायत्री महायज्ञ को लेकर जागरूकता अभियान चलाया गया. के. एल. उच्च विद्यालय मटिहानी, बेगूसराय में होने वाले इस कार्यक्रम में संस्कार महोत्सव का आयोजन भी किया जायेगा. इस भव्य कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न पंचायतों के टोलों मुहल्लों में गायत्री परिवार से जुड़े सदस्यों ने अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी निभाने का आह्वान किया. इस कार्यक्रम को लेकर महाकाल शक्ति कलश भ्रमण यात्रा रथ निकाला गया, जो गुरुवार की सुबह 10.15 बजे छौड़ाही प्रखण्ड द्वार पर पहुंचा. जहां लोगों ने इसका गर्म जोशी से स्वागत किया. इस शक्ति कलश शोभायात्रा का स्वागत सावंत पंचायत के गीता प्रसाद मेहता, छौड़ाही के राम कुमार वर्मा के होंडा एजेंसी,



अमारी गांव में उपेंद्र प्रसाद सिंह एवं शाहपुर गांव में उमेश महतो के दरवाजे पर करते हुए कलश पूजन किया गया. उसके बाद यह कलश रथ खोदावंदपुर प्रखण्ड क्षेत्र के सागीडीह में राम सागर महतो, मिजार्पुर में विनोद दास, पूर्व जिला पार्षद अरविंद कुमार, बरियारपुर पश्चिमी में जवाहर चौधरी, किसान प्लस टू विद्यालय तारा बरियारपुर होते हुए बरियारपुर पूर्वी में प्रवेश कर आनंद कुमार, नंदलाल महतो, डॉ देवेंद्र कुमार विमल के यहां पहुंचा, जहां कलश की पूजा अर्चना की गयी. उसके बाद चकवा गांव में नरेंद्र प्रसाद सैनी, तारा गांव में धनुषधारी शाही, राजेंद्र महतो एवं राम कृष्ण के दरवाजे पर कलश पूजन किया गया. फफौत में अवकाश प्राप्त शिक्षक राजेंद्र महतो एवं मिथिलेश महतो, खोदावंदपुर पंचायत के मूसहरी गांव में सीताराम महतो एवं राम सागर महतो, खोदावंदपुर गांव में सुरेश महतो, जवाहर महतो, नंदलाल ठाकुर एवं सेवानिवृत शिक्षक विजय कुमार वर्मा के यहां कलश की पूजा अर्चना की गयी. बाद में यह कलश यात्रा मेघौल गांव के गायत्री शक्ति पीठ पहुंची, जहां श्रद्धालुओं की अपार भीड़ देखी गयी. इस मौके पर सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया गया. उसके बाद यह कलशयात्रा चेरिया बरियारपुर प्रखंड के लिए प्रस्थान कर गयी.इस कलशयात्रा को सफल बनाने में गायत्री परिवार से जुड़ें डॉ देवेंद्र कुमार विमल, जवाहर महतो, अरविंद कुमार, राम कृष्ण, सीता राम महतो, सुरेश महतो, राजेंद्र महतो, नरेन्द्र प्रसाद सैनी समेत अन्य की भूमिका प्रमुख रही.

# मतदाताओं के बीच आत्मविश्वास जागृत करना एवं निष्पक्ष चुनाव करना प्रशासन की महत्वपूर्ण जिम्मेवारी हैः जिला पदाधिकारी

बेगूसराय/ राष्ट्र संवाद ब्यूरो

**भय मुक्त वातावरण में चुनाव संपन्न कराना मुख्य उद्देश्यः एसपी मनीष कुमार**

16 अक्टूबर गुरुवार को प्रेक्षा गृह, कंकौल में आगामी बिहार विधान सभा आम निर्वाचन 2025 के तहत नियुक्त सभी सेक्टर पदाधिकारियों एवं सेक्टर पुलिस पदाधिकारियों का प्रशिक्षण आयोजित किया गया।

इस अवसर पर जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिला पदाधिकारी, बेगूसराय श्री तुषार सिंगला, पुलिस अधीक्षक बेगूसराय श्री मनीष, उप निर्वाचन पदाधिकारी, अवर निर्वाचन पदाधिकारी सहित सभी सेक्टर पदाधिकारी उपस्थित थे।

जिला पदाधिकारी ने सभी भाग लेने वाले पदाधिकारियों को भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निदेशों का अक्षरशः अनुपालन करने का निदेश दिया है। उन्होंने कहा कि सेक्टर पदाधिकरियों का कार्य बहु-आयामी है। उन्हें अपने कार्यो




एवं दायित्वों का निर्वहन निष्पक्षता, पारदर्शिता एवं व्यवहार कुशलता से करना होगा।

उन्होंने सेक्टर पदाधिकारियों के मतदान पूर्व, मतदान हेतु निर्धारित तिथि के एक दिन पूर्व एवं मतदान के दिन संबंधित दायित्वों का निर्धारण करते हुए कहा है कि सेक्टर पदाधिकरियों का कार्य बहुआयामी एवं अत्यंत महत्वपूर्ण है। इसी लिए सभी सेक्टर पदाधिकारी अपने-अपने क्षेत्र में सक्रिय रहेगें। सेक्टर पदाधिकारी के मुख्य दायित्व मतदान केन्द्र स्थल का भ्रमण, रूट चार्ट, चुनावी सभाओं, आदर्श आचार संहिता का अनुपालन, सरकारी सेवकों के आचरण पर नजर रखना, ईवीएम द्वारा मत देने की प्रक्रिया की जानकारी देना, मतदाताओं को हेल्पलाईन और बूथ की जानकारी देना, मतदाताओं के बीच आत्मविश्वास जागृत करना, यह सुनिश्चित करना कि किसी भी व्यक्ति/समूह द्वारा मतदाताओं को भयभीत न किया जाए/प्रलोभन न दिया जाए।

इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक ने सभी सेक्टर पदाधिकारियों को संवेदनशील एवं अति संवेदनशील बूथों की पहचान करने का निर्देश दिया, ताकि ऐसे बूथों पर विशेष निगरानी रखी जा सकें।

उन्होंने कहा कि प्रशासन का भयमुक्त वातावरण में चुनाव कराना प्रमुख उद्देश्य है, इसलिए किसी भी प्रकार की अफवाहों पर तुरंत इसकी सूचना देने का निर्देश दिया गया, ताकि अविलंब कार्रवाई की जा सकें।

## सार-संक्षेप

### मां सुभाषिनी शक्तिपीठ काली स्थान में आयोजित होने वाले छः दिवसीय मेला की युद्धस्तर पर हो रही है तैयारी



राष्ट्र संवाद /संवाददाता

**भगवानपुर /बेगूसराय** प्रखंड क्षेत्र के औगान गांव स्थित मॉ सुभाषिनी शक्तिपीठ काली स्थान में आगामी 10 अक्टूबर से आयोजित होने वाले छः दिवसीय मेला की तैयारी युद्धस्तर पर चल रहा है। उक्त संबंध में पंडित विकास झा गौतम ने बताया कि यहां विगत 10 वर्षों से भव्य मेला का आयोजन किया जाता है। उन्होंने आगे बताया कि आगामी 19 अक्टूबर को प्रातः काल लगभग 7 बजे कलश शोभायात्रा निकाली जाएगी तथा उसी दिन रात में जगरणा भी होगा।20 अक्टूबर की मध्यरात्रि में निशा पुजा के उपरांत माता का पट खोल दिया जाएगा ताकि श्रद्धालु माता काली का दर्शन कर सकें।21 व 22 अक्टूबर को सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जायेंगे उसके बाद लगभग चार बजे से महाप्रसाद वितरण किया जाएगा।23 अक्टूबर को हवन किया जायेगा।हवन के बाद इस दिन भी अपराह्न 4 बजे से महाप्रसाद वितरण किया जाएगा।24 अक्टूबर को कलश विसर्जन शोभा यात्रा के उपरांत भी प्रसाद वितरण किया जाएगा। उपरोक्त सभी कार्यक्रम पंडित विकास झा गौतम एवं आचार्य शशिकांत तिवारी के निर्देशन में सम्पन्न होंगे। पुजा तथा मेला की तैयारी में पुजा समिति के अध्यक्ष राकेश चौधरी, रौशन चौधरी, दीपक चौधरी, कुंदन चौधरी, टुनटुन चौधरी, रजनीश चौधरी सहित अन्य ग्रामीण तन मन धन से जुटे हुए हैं। मेला में भव्य तोरणद्वार व पंडाल का निर्माण किया जा रहा है । वहीं दूकान लगाने की तैयारी में भी दुकानदार जुट गए हैं।

### महिलाएं लाएंगी बदलाव ,शिक्षा - पलायन रोकना प्राथमिकताः अमिता भूषण



बेगूसराय से कांग्रेस प्रत्याशी अमिताभ भूषण ने किया नामांकन।

बेगूसराय /राष्ट्र संवाद ब्यूरो

बेगूसराय विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी सह पूर्व विधायक अमिता भूषण ने गुरुवार को अपना नामांकन दाखिल किया। नामांकन के बाद उन्होंने समर्थकों को संबोधित करते हुए कहा कि बेगूसराय विधानसभा क्षेत्र की जनता पर पूरा विश्वास है और इस बार लोग वास्तविक मुद्दों पर मतदान करेंगे।

श्रीमती भूषण ने महिला सशक्तिकरण पर जोर देते हुए कहा कि समाज में बदलाव लाने की सबसे बड़ी ताकत महिलाएं ही हैं, और वे इस बार परिवर्तन लाएंगी।

उन्होंने बताया कि यह चुनाव उनके लिए खास है। उन्होंने हर पंचायत में जाकर जनता से आशीर्वाद लिया है और उनकी समस्याओं को करीब से समझा है। उन्होंने वादा किया कि जीत के बाद क्षेत्र में शिक्षा व्यवस्था में सुधार, बेरोजगारी और पलायन पर रोक लगाना उनकी पहली प्राथमिकता होगी।

**सरकार ने महिलाओं को 10,000 रुपए देकर ठगा**

उन्होंने जनता से जात-पात और धनबल से उठकर विकास के मुद्दे पर मतदान करने की अपील ठऊअ सरकार पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि सरकार ने महिलाओं को 10000 देकर ठगा है। जबकि पिछले 20 सालों से महिला सशक्तिकरण के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाए गए। उन्होंने कहा कि महिलाओं को अब जागरूक होना होगा उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि बेगूसराय विधानसभा की जनता इस बार विकास और सम्मान की राजनीति को चुनेगी।

### भोजपुरी सुपरस्टार खेसारी लाल यादव और उनकी पत्नी ने ग्रहण की राजद की सदस्यता

**पटना,** । भोजपुरी सुपरस्टार खेसारी लाल यादव और उनकी पत्नी चन्दा देवी ने गुरुवार को राष्ट्रीय जनता दल की सदस्यता ग्रहण की। राष्ट्रीय जनता दल के नेता तेजस्वी प्रसाद यादव ने दोनों को सदस्यता ग्रहण कराई।

इस दौरान पत्रकारों से बातचीत में तेजस्वी यादव ने कहा कि हम सभी मिलकर पलायन मुक्त बिहार बनाना चाहते हैं। पढ़ाई, दवाई,कमाई, सिचाई, सुनवाई और कार्रवाई वाली सरकार बनानी है। नए सोंच के आगे बढ़ना है। उन्होंने कहा कि तेजस्वी की उम्र कच्ची हो सकती है, जुबान पक्की है।

मौके पर खेसारीलाल यादव ने कहा कि बिहार के भविष्य को बदलने और बेहतर सरकार को बनाने के लिए मैं पार्टी से जुड़ा हूं। बदलाव में मेरा योगदान हो इस लिए पार्टी से जुड़ा हूँ।

ऐसी चर्चा है कि खेसारी लाल यादव या उनकी पत्नी सारण जिले के छपरा विधानसभा सीट से राष्ट्रीय जनता दल के प्रत्याशी हो सकते हैं। हालांकि पत्रकारों के इस सवाल पर कि चुनाव दोनों में से कौन लड़ेगा उन्होंने स्पष्ट कुछ भी नहीं बताया।

### गैस रिसाव से लगी आग में तीन परिवार के घर जलकर राख

**पूर्णिया,** । अमौर थाना क्षेत्र के भवानीपुर पंचायत के वार्ड नंबर 11 में शुक्रवार सुबह करीब सात बजे गैस पर चाय बनाने के दौरान गैस रिसाव होने से अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग की लपटें इतनी तेज हो गईं कि तीन परिवारों के घर पूरी तरह जलकर राख हो गए। घरों में रखे सामान, कपड़े, जेवरात और नकदी कुछ भी नहीं बच सका।

अग्निपीड़ित शंकर ठाकुर ने बताया कि आग इतनी भयावह थी कि किसी को कुछ निकालने का मौका नहीं मिला। ग्रामीणों ने तत्काल आग बुझाने की कोशिश की और दमकल की गाड़ियां पहुंचकर आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक सब कुछ जल चुका था।

आग से प्रभावित परिवारों में सुरेश ठाकुर, नरेश ठाकुर और शंकर ठाकुर शामिल हैं, तीनों रामदेव ठाकुर के पुत्र हैं। सुरेश ठाकुर ने बताया कि घर में रखी ग्लैमर मोटरसाइकिल सहित करीब दस लाख रुपये की संपत्ति जलकर नष्ट हो गई।

घटना की जानकारी अमौर थाना और अंचल प्रशासन को दी गई है। पीड़ित परिवारों ने प्रशासन से सरकारी राहत एवं मुआवजे की मांग की है।

पंजीयन संख्या :JHAHIN01092 स्वामी , प्रकाशक , मुद्रक व संपादक देवानंद सिंह द्वारा अमन प्रिंटर , 66 गोलमुरी बाजार , जमशेदपुर - 3 से मुद्रित तथा अमन पब्लिकेशन राष्ट्र संवाद , 66 गोलमुरी बाजार , जमशेदपुर -3 झारखंड से प्रकाशित ।फोन : 0657 - 2341060 /2344002 मो:09431179542 /09102339999 / 07739802044 / 09334823893

## ऑस्ट्रेलिया ने भारत को 4-2 से हराया, तीसरे क्वार्टर में बदला मैच का रुख



**जोहोर (मलेशिया)**:- भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम को सुल्तान ऑफ जोहोर कप 2025 के पूल-स्टेज के चौथे मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 2–4 से हार का सामना करना पड़ा। भारत की ओर से कप्तान रोहित (22′) और अर्शदीप सिंह (60′) ने गोल किए, जबकि ऑस्ट्रेलिया के लिए ऑस्कर स्प्रूल (39′, 42′), एंड्रयू पैट्रिक (40′) और कप्तान डिलन डाउनी (51′) ने गोल दागे।
पहले क्वार्टर में दोनों टीमों के बीच कड़ा मुकाबला देखने को मिला, लेकिन भारत ने गेंद पर बेहतर नियंत्रण रखते हुए खेल की गति तय की। शुरुआती पलों में ऑस्ट्रेलिया को गोल करने का मौका मिला, मगर गोलकीपर प्रिंसदीप सिंह ने शानदार बचाव किया। दूसरे क्वार्टर में भारत ने 17वें मिनट में पहला पेनल्टी कॉर्नर हासिल किया, लेकिन अनमोल एक्का का प्रयास बार के ऊपर चला गया। 22वें मिनट में मिले दूसरे कॉर्नर पर कप्तान रोहित ने सटीक हिट लगाकर भारत को 1–0 की बढ़त दिलाई। 25वें मिनट में अमीर अली ने शानदार सोलो रन के बाद शॉट लिया, जिसे ऑस्ट्रेलियाई गोलकीपर ने रोका।
तीसरे क्वार्टर में मैच का रुख पलट गया — ऑस्ट्रेलिया ने लगातार तीन गोल दागकर मैच अपने नाम कर लिया। 39वें मिनट में ऑस्कर स्प्रूल ने बराबरी का गोल किया, उसके तुरंत बाद (40′) एंड्रयू पैट्रिक ने रिबाउंड पर दूसरा गोल दागा। 42वें मिनट में स्प्रूल ने फिर शानदार बैकहैंड शॉट से अपना दूसरा गोल किया, जिससे ऑस्ट्रेलिया 3–1 से आगे निकल गया।
49वें मिनट में भारत को पेनल्टी कॉर्नर मिला, लेकिन कप्तान रोहित का शॉट चूक गया। 51वें मिनट में ऑस्ट्रेलिया के कप्तान डिलन डाउनी ने अपनी टीम का चौथा गोल दागा। मैच के आखिरी मिनट में अर्शदीप सिंह ने शानदार डिफ्लेक्शन से भारत के लिए दूसरा गोल किया, जिससे मुकाबला 2–4 पर समाप्त हुआ।

## ओलंपिक चैंपियन तैराक एरियन टिटमस ने संन्यास की घोषणा की



**ब्रिस्बेन।** ऑस्ट्रेलिया की चार बार की ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता एरियन टिटमस ने तैराकी से संन्यास लेने की घोषणा कर खेल प्रेमियों को चौंका दिया है। 25 वर्षीय टिटमस ने पिछले साल पेरिस ओलंपिक खेलों के बाद ब्रेक लिया था, लेकिन उम्मीद की जा रही थी कि वह 2028 में लॉस एंजेलिस ओलंपिक की तैयारी के लिए प्रतिस्पर्धी तैराकी में लौटेंगी। टिटमस ने गुरुवार को इंस्टाग्राम पर वीडियो पोस्ट कर कहा, मुझे तैराकी शुरू से पसंद रही है। जब मैं छोटी थी, तब से यह मेरा जुनून रहा है। लेकिन अब मुझे लगता है कि मेरे जीवन में कुछ चीजें तैराकी से थोड़ी ज्यादा महत्वपूर्ण हो गई हैं, और मुझे इसे स्वीकार करना चाहिए। पेरिस ओलंपिक 2024 में टिटमस ने 400 मीटर फ्रीस्टाइल में अमेरिका की केटी लेडेकी और कनाडा की समर मैकिन्टोश को पीछे छोड़ते हुए नया विश्व रिकॉर्ड बनाकर अपना खिताब बरकरार रखा। इसके अलावा, उनके नाम पर 200 मीटर फ्रीस्टाइल का भी विश्व रिकॉर्ड दर्ज है। टिटमस ने अपने करियर में 33 अंतरराष्ट्रीय पदक जीते हैं, जिनमें ओलंपिक में 4 स्वर्ण, 3 रजत और 1 कांस्य शामिल हैं, साथ ही उन्होंने चार विश्व खिताब भी अपने नाम किए हैं।

# रोहित शर्मा के निशाने पर शाहिद अफरीदी का रिकॉर्ड, ऑस्ट्रेलिया दौरे पर रच सकते हैं इतिहास



**नई दिल्ली ।** पाकिस्तान के पूर्व कप्तान और अपने जमाने के विस्फोटक बल्लेबाज शाहिद अफरीदी, जो दुनिया भर में अपनी आक्रामक बल्लेबाजी के लिए मशहूर रहे, अब भारतीय टीम के पूर्व कप्तान रोहित शर्मा के निशाने पर हैं। आगामी ऑस्ट्रेलिया दौरे पर रोहित के पास इतिहास रचने का सुनहरा मौका है। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच 19 से 25 अक्टूबर तक होने वाली तीन वनडे मैचों की सीरीज में रोहित सलामी बल्लेबाज के रूप में मैदान पर उतरेंगे। यदि वे इस सीरीज में 8 छक्के लगा देते हैं, तो वे शाहिद अफरीदी के लंबे समय से कायम रिकॉर्ड को तोड़कर वनडे क्रिकेट में सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले बल्लेबाज बन जाएंगे। रोहित शर्मा ने अपने वनडे करियर में 273 मैचों की 265 पारियों में 11,168 रन बनाए हैं, जिसमें 264 रनों की शानदार पारी भी शामिल है। उनके नाम 32 शतक और 58 अर्धशतक हैं। रोहित ने 1,045 चौके और 344 छक्के जड़े हैं, जिसके साथ वे वर्तमान में वनडे क्रिकेट में सबसे ज्यादा छक्के लगाने के मामले में शाहिद अफरीदी के बाद दूसरे स्थान पर हैं। रोहित ने अपने करियर में तीन दोहरे शतक भी बनाए हैं, जो अपने आप में एक विश्व रिकॉर्ड है।

वहीं, पाकिस्तान के पूर्व क्रिकेटर शाहिद अफरीदी ने 398 वनडे मैचों की 369 पारियों में 8,064 रन बनाए। उनके खाते में 6 शतक, 39 अर्धशतक, 730 चौके और 351 छक्के दर्ज हैं। ऑस्ट्रेलिया दौरे पर रोहित का बल्ला चला तो पूर्व पाकिस्तानी क्रिकेटर का यह रिकॉर्ड ध्वस्त हो सकता है। भारतीय फैंस भी चाहेंगे कि रोहित इस दौरे पर पाकिस्तानी क्रिकेटर का रिकॉर्ड ध्वस्त कर शीर्ष पर पहुंचे।

भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच यह वनडे सीरीज 19 अक्टूबर को पर्थ स्टेडियम में पहले मैच के साथ शुरू होगी। इसके बाद 23 अक्टूबर को एडिलेड ओवल में दूसरा और 25 अक्टूबर को सिडनी क्रिकेट ग्राउंड में तीसरा और अंतिम वनडे खेला जाएगा।

इस बार भारतीय टीम नए वनडे कप्तान शुभमन गिल के युवा नेतृत्व में ऑस्ट्रेलिया दौरे पर उतरेगी। गिल, जो अब तक टेस्ट टीम की कप्तानी संभाल रहे थे, अब वनडे टीम की कमान भी संभालेंगे।

रोहित शर्मा और विराट कोहली की करीब छह महीने बाद वनडे टीम में वापसी से भारतीय टीम को मजबूती मिली है। इन दोनों अनुभवी खिलाड़ियों की मौजूदगी से टीम का संतुलन और आत्मविश्वास बढ़ा है।

बता दें कि आगामी सीरीज रोहित शर्मा के लिए न केवल एक रिकॉर्ड तोड़ने का मौका है, बल्कि भारतीय टीम के लिए ऑस्ट्रेलिया की सरजमीं पर अपनी बादशाहत साबित करने का भी अवसर है।

## डेनमार्क ओपन 2025:- लक्ष्य सेन और सत्विक-चिराग ने प्री-क्वार्टरफाइनल में बनाई जगह



**कोपेनहेगन**:- भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी लक्ष्य सेन और पुरुषों की डबल्स जोड़ी सत्विकसायराज रंकीरेड्डीङ्कचिराग शेट्टी ने डेनमार्क ओपन 2025 के प्री–क्वार्टरफाइनल में प्रवेश किया। लक्ष्य सेन ने आयरलैंड के नाथ गुयेन को 10–21, 21–8, 21–18 से हराया, जबकि सत्विक–चिराग ने स्कॉटलैंड की जोड़ी क्रिस्टोफर और मैथ्यू ग्रिमली को 17–21, 21–11, 21–17 से मात दी। लक्ष्य सेन, जो पेरिस 2024 के सेमीफाइनलिस्ट हैं, ने पहले गेम में धीमी शुरुआत की और 10–21 से हार गए। लेकिन दूसरे गेम में उन्होंने शानदार वापसी करते हुए केवल 8 पॉइंट्स गंवाए और मैच को निर्णायक गेम तक पहुंचाया। अंतिम गेम में दोनों खिलाड़ियों ने कड़ी टक्कर दी, लेकिन लक्ष्य सेन ने अपने आत्मविश्वास का परिचय देते हुए मैच अपने नाम किया। यह लक्ष्य सेन की नाथ गुयेन के खिलाफ चौथे मैचों में से तीसरी जीत है।
पुरुषों की डबल्स में, छठे सीड सत्विक–चिराग ने पहले गेम में हार के बावजूद दूसरे गेम में वापसी की और निर्णायक गेम में शानदार प्रदर्शन कर प्री–क्वार्टरफाइनल में जगह बनाई। यह मैच 1 घंटे 4 मिनट तक चला।



## रणजी ट्रॉफी - स्कोरबोर्ड में बड़ी गलती, सरफराज और मुशीर खान से जुड़ा है मामला

**श्रीनगर।** घरेलू क्रिकेट के सबसे प्रतिष्ठित टूर्नामेंट रणजी ट्रॉफी की शुरुआत हो चुकी है। मुंबई की टीम जम्मू–कश्मीर के खिलाफ सीजन का पहला मैच श्रीनगर के शेर–ए–कश्मीर क्रिकेट स्टेडियम में खेल रही है। मुंबई की टीम में मुशीर खान और सरफराज खान खेल रहे हैं। दोनों भाई हैं। मैच के दौरान दोनों भाइयों को लेकर बीसीसीआई से एक बड़ी गलती हो गई। बीसीसीआई की गलती चर्चा का विषय बनी हुई है। मैच में टॉस जम्मू–कश्मीर ने जीता और गेंदबाजी का फैसला किया। मुंबई की तरफ से पारी की शुरुआत करने मुशीर खान और आयुष म्हात्रे आए। पारी की तीसरी ही गेंद पर मुशीर खान बिना खाता खोले आउट हो गए। बीसीसीआई की वेबसाइट पर मुशीर खान की जगह सरफराज खान का नाम लिखा था। यह बड़ी गलती थी। सरफराज मध्यक्रम के बल्लेबाज हैं; वे पारी की शुरुआत करने आए भी नहीं थे। ऐसे में बीसीसीआई की वेबसाइट के स्कोरबोर्ड पर मुशीर की जगह सरफराज का नाम होना एक बड़ी गलती है। स्कोरबोर्ड पर मुशीर की जगह सरफराज का नाम था और उन्हें औकिब नबी की गेंद पर शून्य पर आउट दिखाया गया था। बाद में इस गलती को सुधार लिया गया। पहले दिन के खेल की समाप्ति के समय मुंबई ने 5 विकेट के नुकसान पर 336 रन बना लिए थे। सिद्धेश लाड ने शतक लगाया। वो 156 गेंद पर 17 चौकों और 3 छक्कों की मदद से 116 रन बनाकर आउट हुए। शम्स मुलानी 125 गेंद पर 79 रन बनाकर नाबाद हैं। उनके साथ आकाश आनंद 15 रन बनाकर खेल रहे हैं। आयुष म्हात्रे 28, अजिंक्य रहाणे 27, और सरफराज खान 42 रन बनाकर आउट हुए।

## आप वास्तव में तभी असफल होते हैं, पर्थ में उतरने से पहले कोहली का सोशल मीडिया पोस्ट वायरल



**नई दिल्ली ।** भारतीय क्रिकेट टीम 3 और 5 टी20 मैचों की सीरीज के लिए ऑस्ट्रेलिया पहुंच चुकी है। पहले वनडे सीरीज खेली जानी है। पहला वनडे 19 अक्टूबर को पर्थ में खेला जाएगा। वनडे सीरीज में स्टार बल्लेबाज विराट कोहली हैं, जो लगभग छह महीने बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खेलेंगे। पर्थ वनडे से पहले विराट कोहली का एक सोशल मीडिया पोस्ट वायरल हो रहा है। विराट कोहली ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, आप वास्तव में तभी असफल होते हैं, जब आप हार मानने का निर्णय ले लेते हैं। इस पोस्ट को एक घंटे के भीतर लाखों लोगों ने देखा और सैकड़ों प्रशंसकों ने अपनी प्रतिक्रियाएं दीं। विराट के फैंस ने पोस्ट को शेयर करते हुए लिखा है कि हम आपके साथ हैं और 2027 तक आपको टीम इंडिया में खेलते हुए और विश्व कप की ट्रॉफी उठाते हुए देखना चाहते हैं। इसके अलावा कई तरह की मीम्स भी सामने आए हैं।

भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच वनडे सीरीज का पहला मैच 19 अक्टूबर को पर्थ स्टेडियम में, 23 अक्टूबर को दूसरा वनडे एडिलेड ओवल में और 25 अक्टूबर को तीसरा वनडे सिडनी में खेला जाएगा। वनडे सीरीज के बाद 29 अक्टूबर से पांच मैचों की टी20 सीरीज शुरू होगी, जिसमें कोहली नहीं होंगे। टी20 विश्व कप 2024 के बाद उन्होंने इस फॉर्मेट से संन्यास ले लिया था।

इस साल मार्च में चैंपियंस ट्रॉफी जीतने के बाद कोहली पहली बार राष्ट्रीय टीम के लिए वनडे में वापसी कर रहे हैं। टेस्ट और टी20 अंतरराष्ट्रीय से संन्यास लेने के बाद, कोहली का ध्यान अब पूरी तरह से वनडे क्रिकेट पर है। इस सीरीज में कोहली नए कप्तान शुभमन गिल के नेतृत्व में खेलेंगे, जिन्हें वनडे टीम की कमान सौंपी गई है। गिल ने रोहित शर्मा की जगह ली है। रोहित ने भी टी20 अंतरराष्ट्रीय और टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले लिया है। रोहित इस सीरीज में बतौर सलामी बल्लेबाज खेलेंगे। विराट कोहली की वापसी से भारतीय प्रशंसकों में उत्साह की लहर है। यह सीरीज न केवल भारत के लिए एक महत्वपूर्ण चुनौती है, बल्कि कोहली और रोहित जैसे दिग्गजों के भविष्य के लिए भी अहम है।

## वेक्टर एक्स बना आईएसबीए वीमेंस ब्लाइंड फुटबॉल वर्ल्ड चैंपियनशिप 2025 का एथलीट किट पार्टनर

**नई दिल्ली।** भारत के अग्रणी स्पोर्ट्स ब्रांड, वेक्टर एक्स ने समावेशी खेलों को बढ़ावा देने की अपनी प्रतिबद्धता को जारी रखते हुए, इंडियन ब्लाइंड फुटबॉल फेडरेशन (आईबीएफएफ) के साथ साझेदारी की है। कंपनी आईएसबीए वीमेंस ब्लाइंड फुटबॉल वर्ल्ड चैंपियनशिप 2025 के लिए अब आधिकारिक एथलीट किट पार्टनर है। इस साझेदारी को खास बनाता है वेक्टर एक्स का आईबीएफएफ के साथ चल रहा सहयोग, जिसके तहत कंपनी ने साउंड बॉल तैयार की है। यह एक ऐसी अनोखी फुटबॉल है, जो विशेष रूप से दृष्टिबाधित खिलाड़ियों के लिए बनाई गई है। इस बॉल में आवाज़ वाले उपकरण और लो–बाउंस ब्लैडर लगाए गए हैं, जिससे खिलाड़ी गेंद की आवाज़




के जरिए खेल को समझ और नियंत्रित कर सकते हैं। इस नवाचार ने देशभर के दृष्टिबाधित फुटबॉल खिलाड़ियों के लिए खेल को अधिक सुलभ और रोमांचक बना दिया है। वर्ष 2016 में स्थापित आईबीएफएफ भारत में ब्लाइंड फुटबॉल की राष्ट्रीय शासी संस्था है और पैरालंपिक कमेटी ऑफ इंडिया के अंतर्गत काम करती है। इस संस्था ने देश के 24 राज्यों में खिलाड़ियों की प्रतिभा को निखारने में अहम् भूमिका निभाई है और अंतर्राष्ट्रीय टूर्नामेंट्स में भारत की मौजूदगी को मजबूत बनाया है। आईबीएफएफ के डायरेक्टर सुनील मैथ्यू ने कहा, ब्लाइंड फुटबॉल सिर्फ एक खेल नहीं, बल्कि एक आंदोलन है। वेक्टर एक्स हमारे लिए सिर्फ एक सहयोगी नहीं, बल्कि ऐसा साथी है, जो हमारे खिलाड़ियों का साथ देता है और उनके लिए लगातार नवाचार करता है। वेक्टर एक्स के मार्केटिंग हेड, बलजिंदर पाल सिंह ने कहा, हर खिलाड़ी उस उपकरण का हकदार है, जो उसे ताकत दे, प्रेरित करे और उसके प्रदर्शन को बेहतर बनाए। वेक्टर एक्स साउंड बॉल खिलाड़ियों को आवाज़ के सहारे खेलने की सुविधा देता है, जिससे मैदान एक ऐसी सिम्फनी बन जाता है जिसमें हुनर, हिम्मत और सटीकता की झंकार होती है। वेक्टर एक्स और आईबीएफएफ मिलकर यह साबित कर रहे हैं कि समावेशिता कोई विकल्प नहीं, बल्कि भविष्य है। यह साझेदारी ब्रांड्स, फेडरेशंस और प्रशंसकों के लिए एक संदेश है कि यह खूबसूरत खेल सबका है।

# नेपाल और ओमान ने टी20 विश्व कप 2026 में जगह बनाई

**मस्कट।** नेपाल और ओमान ने एशिया/पूर्वी एशिया–प्रशांत क्वालीफायर से आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप 2026 में अपनी जगह बना ली है। यूएई की समोआ पर जीत के साथ ही नेपाल और ओमान की विश्व कप में जगह सुनिश्चित हो गई। ग्रुप चरण में अपराजित नेपाल ने सुपर सिक्स में दो अंक हासिल किए और यूएई और कतर के खिलाफ दो अंतिम गेंद वाले रोमांचक मुकाबले जीते। एक दिन बाद, रोहित पौडेल की टीम ने एक और शानदार प्रदर्शन किया। 148 रनों का बचाव करते हुए, नेपाल मुकाबले से बाहर लग रहा था क्योंकि कतर 12 ओवर में 97/1 पर पहुँच गया था, लेकिन संदीप लामिछाने के 5–18 के शानदार स्पेल ने कहानी पलट दी। लेग स्पिनर की धारदार गेंदबाजी ने कतर को 10 रनों से हरा दिया, जिससे नेपाल को एक यादगार जीत मिली और 2026 टी20 विश्व कप के लिए क्वालीफाई किया। ओमान ने नेपाल की निरंतरता को दोहराया, सुपर सिक्स चरण में भी दो अंक हासिल किए। उन्होंने कतर के खिलाफ 172 रनों का आराम से बचाव किया और फिर यूएई के खिलाफ एक कड़ा मुकाबला जीता। इस बीच, समोआ पर शानदार जीत के बाद यूएई अंतिम क्वालीफिकेशन स्थान के लिए दावेदारी में बना हुआ है, जिससे उसे 16 अक्टूबर को जापान के खिलाफ एक अहम मुकाबले में जगह बनाने में मदद मिलेगी। अमीराती टीम फिलहाल तीसरे स्थान पर है, जबकि कतर के पास अभी भी एक मौका है। उसे समोआ को हराना होगा, अन्य परिणामों की उम्मीद करनी होगी, और नेट रन रेट के आधार पर प्रतियोगिता में आगे निकलना होगा।




## आईसीसी रैंकिंग: टेस्ट, वनडे, और टी20 में शीर्ष 10 बल्लेबाजों और गेंदबाजों की सूची




**नई दिल्ली ।** अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने बुधवार को तीनों प्रारूपों (टेस्ट, वनडे, टी20) की रैंकिंग जारी की। भारतीय टीम के सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल जहां टेस्ट फॉर्मेट में पांचवें स्थान पर पहुंचे हैं, वहीं अफगानिस्तान के इब्राहिम जादरान आठ स्थान की छलांग लगाते हुए वनडे फॉर्मेट के दूसरे श्रेष्ठ बल्लेबाज बन गए हैं। शीर्ष पर शुभमन गिल हैं। टी20 में भारत का दबदबा है। बल्लेबाजी में अभिषेक शर्मा तो गेंदबाजी में वरुण चक्रवर्ती शीर्ष पर हैं। आईए जानते हैं कि आईसीसी द्वारा बुधवार को जारी रैंकिंग में टेस्ट, वनडे और टी20 में कौन-कौन से बल्लेबाज और गेंदबाज शीर्ष दस में अपनी जगह बनाने में कामयाब हुए हैं। टेस्ट (बल्लेबाज)

1. जो रूट (इंग्लैंड), 2. हैरी ब्रूक (इंग्लैंड), 3. केन विलियमसन (न्यूजीलैंड), 4. स्टीव स्मिथ (ऑस्ट्रेलिया), 5. यशस्वी जायसवाल (भारत), 6. टेंबा बवुमा (दक्षिण अफ्रीका), 7. कामिंदु मेंडिस (श्रीलंका), 8. ऋषभ पंत (भारत), 9. डेरिल मिचेल (न्यूजीलैंड), 10. बेन डकेट (इंग्लैंड)

**टेस्ट (गेंदबाज):** 1. जसप्रीत बुमराह (भारत), 2. कगिसो रबाडा (दक्षिण अफ्रीका), 3. मैट हेनरी (न्यूजीलैंड), 4. पैट कमिंस (ऑस्ट्रेलिया), 5. जोश हेजलवुड (ऑस्ट्रेलिया), 6. नोमान अली (पाकिस्तान), 7. स्कॉट बोलैंड (ऑस्ट्रेलिया), 8. नाथन लियोन (ऑस्ट्रेलिया), 9. मार्को यानसेन (दक्षिण अफ्रीका), 10. मिचेल स्टॉर्क (ऑस्ट्रेलिया)

**वनडे (बल्लेबाज):** 1. शुभमन गिल (भारत), 2. इब्राहिम जादरान (अफगानिस्तान), 3. रोहित शर्मा (भारत), 4. बाबर आजम (पाकिस्तान), 5. विराट कोहली (भारत), 6. डेरिल मिचेल (भारत), 7. चरिथ असालंका (श्रीलंका), 8. हैरी टैक्टर (आयरलैंड), 9. श्रेयस अय्यर (भारत), 10. शाई होप (वेस्टइंडीज)

**वनडे (गेंदबाज):** 1. राशिद खान (अफगानिस्तान), 2. केशव महाराज (दक्षिण अफ्रीका), 3. महिश तिक्षाणा (श्रीलंका), 4. जोफ्रा आर्चर (इंग्लैंड), 5. कुलदीप यादव (भारत), 6. बर्नार्ड स्कोल्ट्ज (नामीबिया), 7. मिचेल सेंटनर (न्यूजीलैंड), 8. आदिल राशिद (इंग्लैंड), 9. मैट हेनरी (न्यूजीलैंड), 10. रवींद्र जडेजा (भारत)

**टी20 (बल्लेबाज):** 1. अभिषेक शर्मा (भारत), 2. फिल साल्ट (इंग्लैंड), 3. तिलक वर्मा (भारत), 4. जोस बटलर (इंग्लैंड), 5. पथुम निसांका (श्रीलंका), 6. ट्रेविस हेड (श्रीलंका), 7. टिम सिफर्ट (न्यूजीलैंड), 8. सूर्यकुमार यादव (भारत), 9. कुसाल परेरा (श्रीलंका), 10. मिशेल मार्श (ऑस्ट्रेलिया)

**टी20 (गेंदबाज):** 1. वरुण चक्रवर्ती (भारत), 2. अकील हुसैन (वेस्टइंडीज), 3. राशिद खान (अफगानिस्तान), 4. एडम जांपा (ऑस्ट्रेलिया), 5. जैकब डफी (न्यूजीलैंड), 6. आदिल रशीद (इंग्लैंड), 7. वानिंदु हसरंगा (श्रीलंका), 8. अबरार अहमद (पाकिस्तान), 9. नुवान तुषारा (श्रीलंका), 10. कुलदीप यादव (भारत)